
MPHIN/2021/83938




# दैनिक पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल




ग्वालियर: वर्ष: 3 : अंक:176 | ग्वालियर, 6 मार्च बुधवार 2024 | पृष्ठ: 8 मूल्य: 2 रुपए

## श्री अयोध्या जी चले, महाकाल के भक्त... जयकारा लगाते हुए मंत्रियों संग अयोध्या के लिए रवाना हुए सीएम मोहन यादव

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादवअयोध्या धाम जाने के लिए अपने मंत्रियों के साथ एयरपोर्ट के लिए रवाना हो गए हैं. सीएम मोहन आज ( 4 मार्च ) को अपने मंत्रिमंडल के साथ अयोध्या में श्री रामलला का दर्शन करेंगे. इस बीच सीएम मोहन यादव ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें उन्होंने लिखा कि महाकाल के भक्त अयोध्या जी चले.% इस वीडियों में सीएम को जयकारा लगाते हुए देखा जा सकता है.वहीं मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कैबिनेट की बैठक से पहले कहा कि मंत्रियों का भगवान श्री राम के दर्शन के लिए शासकीय रूप से अयोध्या जाना बहुत महत्वपूर्ण मौका है. उन्होंने इसके लिए सभी को बधाई दी और कहा कि यह यात्रा भगवान श्री राम के प्रति आदर का




प्रकटीकरण है. मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि अयोध्या की इस यात्रा के बाद देवस्थानों के संबंध में लिए गए फैसलों और संकल्पों के काम में राज्य सरकार तेजी से आगे बढ़ेगी.

**सीएम मोहन ने क्या कहा?-** सीएम मोहन ने कहा कि मंत्रिपरिषद की आगामी बैठक में मंत्रिमंडलीय उप-समिति बनाकर धर्मस्व, राजस्व और संस्कृति विभाग को आपस में जोड़ा जाएगा. जिस तरह कृषि उत्पादन आयुक्त के अंतर्गत कृषि सहकारिता, उद्यान आदि कुछ विभाग होते हैं वैसे ही एक वरिष्ठ अधिकारी इन विभागों के प्रभारी होंगे. ग्रामीण क्षेत्र में स्थित देवस्थानों के लिए पंचायत और ग्रामीण विकास, नगरीय क्षेत्र में स्थित देवस्थानों के लिए नगरीय विकास और आवास विभाग भी इसमें शामिल रहेंगे.वहीं अयोध्या धाम सहित प्रदेश के अंदर और प्रदेश के बाहर स्थित प्रमुख देवस्थान में राज्य सरकार द्वारा धर्मशालाएं विकसित करने की दिशा में पहल की जाएगी. अन्य राज्य सरकारों को मध्य प्रदेश स्थित देवालयों में अपने राज्य की धर्मशालाएं विकसित करने के लिए भी प्रोत्साहित किया जाएगा. मुख्यमंत्री डॉ यादव के इस प्रस्ताव का मंत्री परिषद के सदस्यों ने स्वागत किया.

## महाकालेश्वर मंदिर में महाशिवरात्रि पर जुटेगी हजारों भक्तों की भीड़, प्रशासन ने दर्शन के लिए की ये खास तैयारी

महाशिवरात्रि पर्व के मद्देनजर प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों ने महाकालेश्वर मंदिर में दर्शन व्यवस्था का नया प्लान तैयार किया है. इस प्लान के तहत श्रद्धालुओं को सुगम, सहज और सुविधाजनक दर्शन के लिए विशेष निर्देश जारी किए गए हैं. इसके अलावा मंदिर के आसपास पार्किंग की भी बड़ी व्यवस्था की गई है.उज्जैन आईजी संतोष कुमार सिंह, कलेक्टर नीरज कुमार सिंह, महाकालेश्वर मंदिर समिति के प्रशासक संदीप सोनी सहित आला अधिकारियों ने महाशिवरात्रि के मद्देनजर व्यवस्थाओं का जायजा लिया. भगवान महाकालेश्वर के दर्शन के लिए आने वाली श्रद्धालुओं की संख्या को ध्यान में रखते हुए सभी व्यवस्थाएं चाक




चौबंद करने के निर्देश दिए गए. निरीक्षण के दौरान जानकारी दी गई की महाशिवरात्रि पर्व पर बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं के वाहनों की पार्किंग की व्यवस्था कर्क राज मंदिर, मन्नत गार्डन और इंजीनियरिंग कॉलेज के परिसर में की जाएगी.

**पार्किंग स्थल से चलाई जाएगी निशुल्क बस-** महाशिवरात्रि पर इस बार नगर निगम द्वारा निशुल्क बसें चलाई जाएंगी. कलेक्टर नीरज कुमार सिंह ने बताया कि श्रद्धालुओं के कर्क राज मंदिर तक आने जाने के लिए नगर पालिका निगम के जरिये निशुल्क बसें चलाई जाएंगी. इस दौरान आईजी और कलेक्टर ने महाकालेश्वर मंदिर के पहुंच मार्ग पर अलग-अलग स्थानों पर बैरिकेंडिंग किए जाने के निर्देश दिए. साथ ही वरिष्ठ नागरिकों, महिलाओं और बच्चों की सुविधाओं के मद्देनजर पहुंच मार्ग पर विभिन्न स्थानों पर कुछ क्षेत्र को खुला रखे जाने के लिए भी कहा गया.

**मोबाइल ले जाने पर प्रतिबंध-** श्रद्धालुओं के लिए जूते के स्टैंड कहां-कहां बनाया जाना है, उन स्थलों को भी पहले से ही सुनिश्चित करने के लिए कहा गया?. पैदल मार्ग पर आगामी 6 मार्च की रात्रि तक बैरिकेंडिंग पूरी करने के निर्देश दिए गए हैं. इसके अलावा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विभिन्न स्थानों पर अस्थाई शौचालय, पेयजल और शेड बनाए जाने के लिए कहा गया.

## गूगल मैप से चुनते थे वारदात की जगह, जबलपुर में दो हाईटेक चोर गिरफ्तार

मध्य प्रदेश के जबलपुर शहर में पुलिस ने दो हाईटेक चोरों को गिरफ्तार किया है. ये चोर गूगल मैप की मदद से वारदात करने के लिए टारगेट तय करते थे. जबलपुर पुलिस ने बताया कि धार जिले से पक? गए चोर गिरोह के सदस्यों से पूछताछ में यह खुलासा हुआ है. चोरी और डकैती जैसी घटनाओं को अंजाम देने के लिए गूगल मैप और सैटेलाइट इमेज के इस्तेमाल का यह अनोखा मामला है. चोरों के गिरोह के पास से जबालपुर में एक सब इंजीनियर के घर से चोरी किए गए 18 लाख रुपये के सोने-चांदी के जेवरात बरामद हुआ. चोर एक जो?ी सुई-धागा भी चुरा ले गए थे, जिसे पुलिस ने बरामद कर लिया है.दरअसल, आज के दौर में डिजिटल क्रांति ने आम आदमी का जीवन तो आसान बना ही दिया है, अब अपराधी भी इसका इस्तेमाल करके वारदात को अंजाम दे रहे हैं. इससे जु?ा एक मामला जबलपुर के बरगी थाना क्षेत्र के अंतर्गत रहने वाले सब इंजीनियर कालूराम ल?िया के घर चोरी की जांच के दौरान सामने आया.

**18 लाख रुपये के जेवरात बरामद-** एडिशनल एसपी सोनाक्षी सक्सेना ने बताया कि सब इंजीनियर के घर कुछ नकाबपोश ने 16 फरवरी 2024 को चोरी की वारदात को अंजाम दिया था. चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले सुरप सिंह, अजय, अदन और भाया के रुप में हुई




है.इस मामले में आरोपियों की धरपकड़ करने की कोशिश में जुटी पुलिस ने धार जिले से दो आरोपियों सुरप सिंह और चोरी का माल खरीदने वाले ज्वेलर दीपक सोनी (दोनों धार निवासी) को गिरफ्तार किया गया. उनके पास से 18 लाख रुपये के सोने-चांदी के जेवरात बरामद किए गए हैं. चोरी की वारदात को अंजाम देने के लिए आरोपी कार से धार से जबलपुर आये थे.

**चोरी के लिए गूगल मैप का इस्तेमाल-** मामले का खुलासा करते हुए एडिशनल एसपी सोनाक्षी सक्सेना ने बताया कि आरोपियों ने घटना को अंजाम देने के लिए सैटेलाइट इमेज और गूगल मैप की मदद ली थी. पुलिस के मुताबिक यह एक अंतरराज्यीय चोर गिरोह है. यह गिरोह पहले तकनीक की सहायता से अपराध को घटित करने की जगह को चिन्हित करता है.सैटेलाइट इमेज और गूगल मैप के जरिए यह गिरोह ऐसी कालोनी को खोजता है, जहां पर रिटायर्ड अधिकारी या फिर सीनियर आला सरकार अधिकारी रहते हैं. ऐसी कालोनियों में अधिकारियों के घरों को चिन्हित कर गिरोह पहले रेकी करता है और फिर मौका पाकर चोरी या डकैती की घटनाओं को अंजाम देता है. पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर अन्य घटनाओं की जानकारी भी जुटा रही है.


STORME SMART SOLUTIONS

अपने स्वयं की गाड़ी चलाओ
पैसे कमाओ

कमायें
5000 रु.
प्रति माह



अपनी गाड़ी 300 Km. चलाओ
5000/- प्रतिमाह कमाओ

9908750812, 8602854455, 9244933139
Old Railway Line, Near Sciendia Chauraha, Shatabdi Puram
Gwalior, Madhya Pradesh 474020
Website : www.stormesmartsolutions.com

## विधानसभा अध्यक्ष तोमर अचानक पहुंचे बंटू ढाबा पर संचालक के पूछे हाल-चाल







**दैनिक पुष्पांजली टुडे**
**संवाददाता**
**पहलवान सिंह राजावत**



**मालनपुर/** पूर्व केंद्रीय कृषि मंत्री मध्य प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर चिराई भौनपुरा में चल रही चिल्लासेन देवी पर राम कथा सुनकर लौटे रहे मध्यप्रदेश विधानसभा अध्यक्ष भिंड ग्वालियर सीमा पर स्थित बंटू ढाबा पर अपने काफ़िले के साथ पहुंचे अचानक और श्री तोमर ने ढाबा मालिक से मिलकर उनका हाल-चाल जाना और कहा कि यह हमारी पार्टी की यह खास भूमिका है की पुराने कार्यकर्ता का ख्याल रखते हैं और किसी भी छोटे-बड़े कार्यकर्ता को भुलाते नहीं है दिनेश सिंह परिहार हमारे पूराने कार्यकर्ता का है होटल संचालक दिनेश सिंह परिहार ने कहा कि मैं आपका बहुत आभारी हूं आप काफिले में इस अवसर पर उपस्थित रहे ग्वालियर अमित सिंह चौहान( ईशु चौहान) , धर्मेंद्र सिंह तोमर (गुड्डु तोमर) बृजभूषण सिंह कुशवाह ए.पी. एस. भदोरिया (अनुज) , विक्रम तोमरकेपी अर्जरिया अशोक तोमर देवेंद्र कुशवाह सचिन परिहार राहुल परिहार अर्जन सर सुनील सिंह आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे

## स्व.अर्जुन सिंह की पुण्यतिथि पर कांग्रेसियों ने पुष्पांजलि अर्पित कर किया नमन

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**



भिण्ड । कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पूर्व मुख्यमंत्री स्व. अर्जुन सिंह की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर पुण्यतिथि पर नमन किया । श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस कमेटी के जिला संगठन मंत्री इरशाद अहमद ने कहा कि स्व. अर्जुन सिंह जी ने हमेशा गरीब,दलित,पिछड़े सहित हर जाति - धर्म के लोगों के लिए काम किये। श्री अहमद ने कहा कि अर्जुन सिंह ने राष्टीय राजनीति में रहते हुए पार्टी के छोटे से छोटे कार्यकर्ता से बड़े सहज भाव से मिलते थे और उनकी बात सुनकर समस्या को दूर करने का काम करते थे।श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष पंकज त्रिपाठी,संगठन मंत्री इरशाद अहमद,भागीरथ कुशवाहा,डॉ.विजय सिंह,इरफान गम्मू ,सत्यप्रकाश गोयल एडवोकेट, नीलेश श्रीवास्तव,राकेश यादव, सतीश जैन,रज्जू खान सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव भिंड में रोड शो कर जनता का अभिनंदन करेंगे

## एमजेएस ग्राउंड आयोजित सहकारिता सम्मेलन में आम जनता को संबोधित भी करेंगे

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने तैयारियों का निरीक्षण लिया**

भिण्ड । प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव 06 मार्च 2024 को एक दिवसीय प्रवास पर भिण्ड पधार रहे है। इस दौरान मुख्यमंत्री रोड शो कर जनता का अभिनंदन भीं करेंगे।निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री 6 मार्च 2024 बुधवार को प्रातः9.15 बजे भोपाल से प्लेन द्वारा रवाना होकर प्रातः10 बजे एयरपोट ग्वालियर आएंगे।मुख्यमंत्री ग्वालियर से प्रातः10.05 बजे हैलीकाप्टर से रवाना होकर प्रातः10.25 बजे एस ए एफ ग्राउंड भिण्ड पहुंचेगे। खुले वाहन में रोड शो के माध्यम से कोतवाली चौराह से भिंड की जनता का अभिनंदन करते हुए कार्यक्रम स्थल एमजेएस ग्राउंड पहुंचेंगे।



मुख्यमंत्री प्रातः11 बजे प्रधानमंत्री के वीडियो कॉन्फ्रेस कार्यक्रम में भाग लेंगे। प्रधानमंत्री श्री मोदी वीसी के माध्यम से देश की स्व सहायता समूह की महिलाओं चर्चा करेंगे। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी एमजेएस ग्राउंड पर किया जाएगा। इसके उपरांत पूर्वाह्न 11.30 बजे मुख्यमंत्री डा यादव जिले में आयोजित सहकारिता सम्मेलन, किसान सम्मेलन में सिंगल क्लिक से किसान सम्मान निधि और खरीफ मौसम की फसल बीमा योजना की राशि किसानों के खाते में अंतरण करेंगे।मुख्यमंत्री लगभग 193 करोड़ राशि के निर्माण कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। और भिंड की जनता को संबोधित करेंगे।मुख्यमंत्री दोपहर 1.45 बजे भिण्ड से हैलीकाप्टर द्वारा ग्राम जनोदा जिला अशोकनगर के लिए रवाना होगे।

## सीरवी समाज विकास समिति, उदयपुर छात्रावास की नई कार्यकारिणी का गठन

**दैनिक पुष्पाजंली टुडे**

उदयपुर- दिनांक 03 मार्च 2024 को नवजीवन पेलेस होटल, उदयपुर में सीरवी समाज विकास समिति, उदयपुर की आमसभा रखी गई जिसमें समाज हित में प्रस्ताव लेकर और यहाँ रह रहे छात्रों, समाज के छात्रावास, शिक्षा व समाज विकास से संबंधित विभिन्न विषयों पर विचार विमर्श एवं उदयपुर छात्रावास कमेटी के पुणे में होने जा रहे चुनाव में अधिक संख्या में भाग लेना आदि के साथ ही संस्थान की नई कमेटी का निम्नानुसार सर्वसम्मति से गठन किया गया जिसमें सरंक्षक पद पर दौलाराम परिहार को देसुरी को चुना गया। अध्यक्ष पद पर दौलाराम सोलंकी धणा, उपाध्यक्ष राकेश परिहार



देसुरी, सचिव प्रकाश लच्छेटा पाली, सह-सचिव- डॉ. दिपक गेहलोत बाली, कोषाध्यक्ष इंद्रसिंह काग देवली (अऊवा) सह-कोषाध्यक्ष डॉ. घीसाराम परमार उन्दरथल को चुना गया। उसके बाद सदस्य पद पर रमेश पंवार गादाणा, जगदीश परिहार बडगांवडा, महेद्र वर्फा भावी, डॉ. गजाराम परिहारिया नाडोल, श्रवण गेहलोत बडगांवडा को चुना गया। संस्था के अध्यक्ष दोलाराम सोलंकी ने अनुभवी, मेहनती, समाज सेवा के प्रति पूर्ण समर्पित भाव रखने वाले और ईमानदार छवि और अच्छे संगठनकर्ता साथियों को चयन की बहुत बहुत हार्दिक बधाई व ढेर सारी शुभकामनाएं दी।

## विमुक्त घुमन्तु एवं अर्ध घुमन्तु महासंघ द्वारा विचार संगोष्ठी आयोजित

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**जिले की नवीन कार्यकारिणी का गठन हुआ**



भिण्ड । गत दिवस शांति विहार कॉलोनी सद्गुरु कोचिंग पर विमुक्त घुमन्तु एवं अर्धघुमन्तु महासंघ भिण्ड इकाई ने विचार संगोष्ठी एवं जवीन जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि आर. बी. सिंह बघेल (वकील ) प्रदेश विधि सलाहकार और विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेश उपाध्यक्ष रामकृष्ण सिंह बघेल एवं नवनियुक्त प्रदेश सचिव बदन सिंह बघेल रहे तथा कार्यक्रम का सफल संचालन प्रोफेसर सौरभ पाल प्रदेश उपाध्यक्ष ने किया।कार्यक्रम की शुरूवात लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर के चरणों मै श्रदासुमन अर्पित कर की गयी इस अवसर मुख्यअतिथि आर बी. सिंह बघेल ने कही की घूमकक्ड अर्धघूमकक्ड के प्रमाण पत्र बनबाने में अगर ज्यादा परेशानी आ रही हो तो जिला स्तर पर कलेक्टर से उन अधिकारियो की शिकायत की जाये उन्होंने बताया अगर सचिव भी मना कर रहे हो अपनी टीप लगाने मै तो जो राज्य सरकार के द्वारा एक मोबाइल नंबर जारी किया गया है हम उस पर शिकायत दर्ज कराये।इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष रामकेश बघेल ने कहा की हम सब मिलकर तहसील स्तर पर प्रमाण पत्र बनाने के लिए कैंप लगबाये जाये। इस कर्यक्रम में नवनियुक्त जिलाअध्यक्ष वृजेंद्र प्रताप सिंह ने कहा की हम सब मिलकर समाज का उत्थान करेंगे एवं युवाओ को अपनी शक्ति प्रदर्शन करने के लिए समाज हित में कार्य करें।नवनियुक्त जिलाध्यक्ष के माध्यम से नहीं कार्यकारिणी का गठन किया गया । राजवीर सिंह बघेल (कार्यकारी जिलाध्यक्ष ),सुमित बघेल युवा शक्ति जिलाध्यक्ष सुनील बघेल जिला जिला सचिव संगठन महामंत्री दाताराम सिंह बघेल,वीरेंद्र बघेल,जिला सचिव इंजी. दिनेश सिंह बघेल)(जिला मंत्री ) प्रेम सिंह बघेल,वीरेंद्र सिंह बघेल,हरिओम बघेल महेवा,अशोक बघेल संजीव सिंह बघेल,मुकेश बघेल,जिला सोशल मीडिया प्रभारी धर्मेंद्र बघेल (सचिन मेडिकल स्टोर),जिला सह सोशल मीडिया प्रभारी धीरू बघेल (मुरलीपुरा),जिला मार्गदर्शक मंडल ,राजकुमार बघेल (शांति विहार कॉलोनी),जिला कार्यालय प्रभारी विपिन बघेल युवा जिला उपाध्यक्ष अनूप सिंह बघेल युवा जिला सहसचिव गोलू आदि।

### भारी ओवरलोड वाहनों के दिन में आवागमन से बड़ रहा ट्रैफिक,हादसे की आशंका

## थाने के सामने से फर्राटे भर गुजरते है भारी ओवरलोड वाहन,नही होती कार्यवाही

**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे**

**दबोह-** नगर में दिन में लगातार भारी व ओवरलोड वाहनों का थाने के सामने से ही निकलना होता है परंतु गनीमत है कि पुलिस इनपर कार्यवाही कर जाए।दिन में धड़ल्ले से भारी व ओवरलोड वाहन तेज रफ्तार से मुख्य बाजार में दौड़ते हुए निकल जाते हैं जिससे हादसे की आशंका बड़ जाती है और कभी कभी तो इंसान व जानवर इनकी चपेट में आकर या तो घायल हो जाते हैं या फिर अपनी जान गंवा देते हैं।यहां बता दें कि जबसे थाना प्रभारी महोदय ने पदभार सम्भाला है तबसे नगर की यातायात व्यवस्था पूर्ण रूप से चौपट होती नजर आ रही है।क्योंकि पूर्व में थाना दबोह में पदस्थ थाना प्रभारियों द्वारा सुबह 08 बजे से रात के 08 बजे तक नगर में भारी व ओवरलोड वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित कर दिया गया था परन्तु थाना प्रभारी रविन्द्र तोमर के आते ही पुनः यह नियम हवाई हो गया क्यों कि धड़ल्ले से नगर में भारी वाहन सुबह से लेकर शाम तक दौड़ रहे हैं।

**नही थम रहा ओवरलोड वाहनों का दौड़ना,हो चुके कई हादसे-**नगर में दिन रात भारी व ओवरलोड वाहन इस कदर दौड़ते है कि अगर कोई इंसान या



जानवर इनकी चपेट में आ जाये तो वह अपनी जान से हाथ धो बैठेगा।बीते कुछ माह पहले भी नगर में इन्ही भारी व ओवरलोड वाहनों की चपेट में आकर करीब 4-5 लोग व जानवर अपनी जान गंवा चुके है परंतु थाना प्रभारी महोदय द्वारा अब तक कोई कार्यवाही की गई।ऐसे में अगर नगर में दिन में भारी व ओवरलोड वाहनों के निकलने पर प्रतिबंध नही लगाया गया तो कभी भी बड़ा हादसा होने की आशंका है।

**रोजाना हो दुपहिया व चारपहिया वाहनों पर हो रही चालानी कार्यवाही पर ट्रकों,डंफरो पर नही-**बड़े ही चिंतन का विषय है कि थाना पुलिस दबोह द्वारा सहालग के समय रोजाना गोरा तिराहे पर चैकिंग अभियान के नाम पर दुपहिया व चारपहिया वाहनों की चैकिंग की जा रही है और चालानी कार्यवाही की जा रही परन्तु नगर से निकलने वाले ओवरलोड वाहनों के लिए अब तक थाना पुलिस ने कोई भी चैंकिंग अभियान नही चलाया और न ही चालानी कार्यवाही की,जिससे थाना पुलिस का चैंकिंग अभियान सन्देह के घेरे में है।वहीं बात की जाए अगर दुपहिया व चारपहिया वाहनों के चैकिंग की तो रोजाना आवागमन करने वाले लोकल व्यक्तियो व सहालग के समय कार्यक्रमो में आने जाने वाले लोगो को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।अब बात आती है चैकिंग के दौरान चालान की तो सूत्रों की माने तो चैकिंग के समय मौजूद स्टाफ द्वारा कभी कभार तो बिना रशीद व बिना ऑनलाइन चालान की पर्ची दिए बगैर ही चालानी कार्यवाही का हवाला दिया जाता है,जिससे साफ स्पष्ट है कि शासन को चालानी राशि मे भारी चपत लगाई जा रही है।

## दबोह सिटी व ग्रामीण फीडरों में आज रहेगी विधुत कटौती

**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे**

**दबोह-** दबोह सिटी फीडर व ग्रामीण फीडर पर आज बुधवार 06 मार्च को अति आवश्यक संधारण कार्य के चलते दबोह सिटी व ग्रामीण फीडरों पर विधुत सप्लाई बंद रहेगी।आपको बता दें कि लहार डिवीज़न अंतर्गत आने वाले 33द्म1 दबोह फीडर पर अतिआवश्यक संधारण(मेंटेनेंस)कार्य किया जाना है।जिस कारण दबोह उपकेंद्र से निर्गमित सभी 11द्म1 फीडरो की बिधुत सप्लाई बंद रहेगी,जिसमे 11द्म1 दबोह सिटी फीडर,11द्म1 दूध डेयरी फीडर,11द्म1 बघेडी मिक्स फीडर,11द्म1 मुरावाली मिक्स फीडर,11द्म1 कशल मिक्स फीडर,11k1 गोरा मिक्स फीडर उपरोक्त फीडरों से संबंधित सिटी (ड़स्बा)ग्रामों की विद्युत सप्लाई सुबह 10ः00 बजे से दोपहर 01ः00 बजे तक लाइन पर मेंटेनेंस कार्य होने के कारण बंद रहेगी।

### सांसद चौधरी आज दो ट्रेनों को दिखाएंगे हरी झण्डी

## तिंवरी रेलवे स्टेशन पर जैसलमेर-साबरमती एक्सप्रेस ट्रेन, औसियां रेलवे स्टेशन पर दिल्ली-रूणिचा एक्सप्रेस ट्रेन का आज से नियमित ठहराव, विभिन्न विकास कार्यों लोकार्पण कार्यक्रमों सहित मंदिरों में करेंगे दर्शन

**दैनिक पुष्पाजंली टुडे**

जोधपुर। पाली सांसद और पूर्व केन्द्रीय राज्य मंत्री पीपी चौधरी बुधवार को तिंवरी और औसियां रेलवे स्टेशनों पर आयोजित ट्रेनों के ठहराव कार्यक्रम में शामिल होंगे। इस दौरान वे बहुप्रतीक्षित जैसलमेर-साबरमती और दिल्ली-रूणिचा एक्सप्रेस ट्रेनों को उनके नियमित ठहराव को लेकर हरी झण्डी दिखाएंगे। विदित है कि सांसद के लगातार प्रयासों के बाद तिंवरी और औसियां के क्षेत्रवासियों की पुरानी मांग पूरी हुई है। इससे पूर्व वे दोपहर 03 बजे मथानिया पहुंचकर करणी माता मंदिर में दर्शन करेंगे। इसके बाद तिंवरी में ग्राम पंचायत मुख्यालय पर अपने सांसद कोष की 15 लाख राशि



से निर्मित सैनिक और प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना में करीबन 6 करोड़ की लागत से बनी 7 सड़कों का लोकार्पण करेंगे। तिंवरी में ही कार्यकर्ताओं संग खोखरी माता मंदिर पहुंचकर शाम की आरती व दर्शन में भाग लेंगे। ट्रेनों के ठहराव से मिलेगा हर वर्ग को लाभ- सांसद चौधरी ने बताया कि रेलवे विभाग के अनुसार तिंवरी रेलवे स्टेशन पर जैसलमेर-साबरमती एक्सप्रेस ट्रेन का रात्रि 08 बजकर 02 मिनट पर आगमन होगा और प्रस्थान रात्रि 08 बजकर 04 मिनट पर होगा। वहीं औसियां रेलवे स्टेशन पर जैलसमेर-साबरमती एक्सप्रेस ट्रेन का आगमन रात्रि 10:34 मिनट पर होगा और प्रस्थान रात्रि 10:36 पर होगा। उन्होंने कहा कि इन लंबी दूरी के ट्रेनों के ठहराव किसान, व्यापारी, छात्र, मजदूर सहित हर वर्ग को बड़ा लाभ मिलेगा। ट्रेनों के ठहराव को लेकर दोनों क्षेत्रों के लोगों में जबरदस्त उत्साह है। कार्यक्रमों को भव्य बनाने के लिए कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों की विशेष तैयारियां कर ली गई है। वहीं मथानिया, तिंवरी और औसियां के विभिन्न स्थानों पर सांसद को तीसरी बार भाजपा लोकसभा प्रत्याशी बनाए जाने पर कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों द्वारा स्वागत एवं अभिनंदन किया जाएगा।

## दबोह हॉस्पिटल में पदस्थ डॉक्टर नही बैठते हॉस्पिटल पर,मरीज उपचार के लिये होते परेशान





**दबोह-** भिंड जिले के अंतिम छोर पर बसे नगर दबोह में सयोंग है कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दबोह के डॉक्टर अपने उपस्थिति के समय अनुपस्थित रहते हैं।जिससे हॉस्पिटल आये मरीजो को उपचार के लिए परेशान होना पड़ता है।ऐसे में दबोह तथा दबोह के अंतर्गत आने बाले ग्रामो की जनता अपना उपचार कैसे कराये यह क्षेत्र की एक विकट समस्या हैं।अब यहाँ की हजारो जनता डॉक्टरों की नहीं बल्कि भगवान भरोसे नजर आ रही है।यहाँ बता दे कि दबोह स्वास्थ केंद्र पर पदस्थ डॉक्टर महोदय हॉस्पिटल के समय वार्ड में बैठने की जगह अपने क्वार्टर पर आराम फरमा रहे थे।मामला सोमवार का है जब हॉस्पिटल में मौजूद स्टाफ से डॉक्टर साहब के बारे में पता चला तो बताया गया कि साहब अपने क्वार्टर में आराम कर रहे हैं।आपको बता दें कि शासन के आदेशानुसार हॉस्पिटल में डॉक्टर के बैठने का समय सुबह 10 बजे से दोपहर 01ः30 बजे तक है परंतु सोमवार की दोपहर 12ः00 बजे तक डॉक्टर साहब के बैठने वाली केबिन व कुछ अन्य वार्डो में ताला लटका हुआ था।सोमवार को फिर डॉक्टर साहब दोपहर 12ः10 पर ताला खोल अपने केबिन में पहुंचे।जब मीडियाकर्मी के द्वारा बैठने के समय हॉस्पिटल पर अनुपस्थिति की वजह पूछी गई तो उन्होंने कैमरे के सामने बार बार पूछने पर चुप्पी साध ली।

**शासकीय हॉस्पिटल की जगह प्राइवेट क्लीनिक पर समय देते डॉक्टर-**प्राप्त जानकारी व सूत्रों की माने तो दबोह हॉस्पिटल में पदस्थ डॉक्टर साहब अक्सर हॉस्पिटल में समय देने की वजह शासकीय हॉस्पिटल की कुछ ही दूरी पर संचालित अपने प्राइवेट क्लीनिक पर समय देते हैं।जिससे शासकीय हॉस्पिटल में मरीजो को उपचार नही मिल पाता है।फिलहाल तो अब दबोह की स्वास्थ्य व्यवस्थाये भगवान भरोसे ही नजर आ रही हैं।

**इनका कहना**

1-आपने जानकारी दी है,बात करता हूँ।
संजीव श्रीवास्तव
कलेक्टर भिण्ड

2-जानकारी मिली है पता करता हूँ।
डॉ.शिवराम सिंह
जिला चिकित्सा अधिकारी भिण्ड

3-दबोह के लिए लहार से एक डॉक्टर को प्रभार दिया गया है।
डॉ.विजय शर्मा
ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर लहार

## बिलासपुर रेंज, बिलासपुर श्री संजीव शुक्ला के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक सक्ती सुश्री अंकिता शर्मा द्वारा सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने एवं यातायात नियमों का पालन कराने व यातायात सुचारू रूप से संचालित करने

÷यातायात मित्र सक्ती पुलिस÷ अभिनव पहल की जा रही है। जिला सक्ती में पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा के द्वारा नेशनल हाईवे स्टेट हाईवे ग्राम सड़क में ब्लैक स्पॉट (दुर्घटना जन्य क्षेत्र) चिन्नांकित कर सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने हेतु समस्त थाना चौकी एवं यातायात शाखा को निर्देश देकर यातायात नियमों का पालन करने के लिए एक अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत यातायात मित्र का गठन सक्ती जिला क्षेत्र में किया जा रहा है। जिसके तहत सड़क किनारे संचालित फर्स्ट् रिस्पांडर एवं इनफॉर्मर, जिसमें मोटर मैकेनिक, फल बेचने वाले, सब्जी बेचने वाले, दुकान वाले एवं अन्य को यातायात मित्र बनाकर यातायात मित्र का गठन किया जा रहा है। जिससे सड़क दुर्घटनाओ के संबंध में तत्काल थाना चौकी को सूचना मिल सके एवं घायलों को उचित इलाज हेतु अस्पताल तत्काल भेजा जा सके एवं यातायात सुचारू रूप से जिला में संचालित किया जा सके। समस्त थाना चौकी एवं यातायात शाखा द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में यातायात मित्र का गठन कर दुकानों में यातायात मित्र का पोस्टर लगाया गया, जिसमें कंट्रोल रूम सक्ती का फोन नंबर, थाना प्रभारी/ यातायात शाखा प्रभारी का मोबाइल नंबर एवं अन्य पुलिस स्टाफ का मोबाइल नंबर उल्लखेलित की गई है, जिससे कि किसी भी प्रकार की घटना या दुर्घटना होने पर लगाए गए

# राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस का उद्देश्य,दुर्घटनाओं से बचाव-शिवानी जैन एडवोकेट

ऑल ह्यूमन सेव एंड फॉरेंसिक फाउंडेशन डिस्टिक वूमेन चीफ शिवानी जैन एडवोकेट ने कहा कि सभी सेक्टरों में सुरक्षा को लेकर जागरूकता फैलाना और दुर्घटनाएं में कमी लाना राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस का उद्देश्य है। किसी सेक्टर में काम करने वाले नागरिकों की सुरक्षा के महत्व को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा सप्ताह मनाते हैं।थिंक मानवाधिकार संगठन एडवाइजरी बोर्ड मेंबर डॉ कंचन जैन ने कहा कि नेशनल सेफ्टी काउंसिल एक गैर




सरकारी और गैर लाभकारी संगठन है। यह संगठन हमारे देश के लोगों की सुरक्षा के लिए काम करता है। इसकी स्थापना के बाद से ही औद्योगिक और अन्य प्रकार की दुर्घटनाओं में कमी आई है। यह संगठन लोगों को अपने काम के दौरान सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम करने के लिए प्रेरित करता है। उन्हें सुरक्षा की बारीकियों के बारे में अवगत कराता है।मां सरस्वती शिक्षा समिति के प्रबंधक डॉ एच सी विपिन कुमार जैन, संरक्षक डॉ आरके शर्मा ,आलोक मित्तल एडवोकेट ज्ञानेंद्र चौधरी एडवोकेट, निदेशक डॉक्टर नरेंद्र चौधरी, शार्क फाउंडेशन की तहसील प्रभारी डॉ एच सी अंजू लता जैन, बीना एडवोकेट आदि ने कहा किइसका मुख्य कारण जरूरत से ज्यादा काम, ट्रेनिंग की कमी और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम ना होना है। यही कारण है कि राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस के जरिए इन कारखानों के मालिकों और कर्मचारियों को जागरूक किया जाता है।

# दो बूंद जिंदगी के पल्स पोलियो कार्यक्रम का शुभारंभ कोरिया जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पटना से किया गया



आज कोरिया जिले के बैकुंठपुर के अंतर्गत आने वाला ग्राम पटना स्वास्थ्य सामुदायिक केंद्र में कलेक्टर कोरिया विनय कुमार लंगेह एवं पूर्व मंत्री एवं वर्तमान विधायक भैया लाल राजवाड़े के द्वारा दो बूंद जिंदगी की पल्स पोलियो कार्यक्रम के तहत असद हुसैन को दवा पिलाकर कार्यक्रम की शुरूआत कि गयी इस मौके पर कलेक्टर श्री लंगेह और भैया लाल के द्वारा पटना हॉस्पिटल को कई तरह की सौगात दी गई जिसमें प्रमुख रूप से सोनोग्राफी मशीन एम्बुलेंस एवं मरचुरी में डेथ बॉडी रखने के लिए बड़ा फ्रीजर उपलब्ध कराने की घोषणा किया वहीं साफ सफाई एवं समस्त आने वाली इलाज के क्षेत्र में सभी कठिनाइयों को ध्यान में रखते हुए हर संभव मदद करने की आश्वासन दिया वहीं बैकुंठपुर में एम्स हॉस्पिटल की भी मांग आती रही भैया लाल राजवाड़े ने लोकसभा चुनाव के बाद उसे भी पूरा करने की बात कही है इस मौके पर जिला मुख्यालय के जिला चिकित्सक डॉक्टर सिंगर बीएमओ पटना डॉक्टर बलवंत सिंह डॉक्टर अमृतलाल टुंडे वीरेंद्र सिंह के साथ-साथ बहुत सारे जनप्रतिनिधि भी उपस्थित थे जनप्रति निधियों ने अपने-अपने उद्बोधन में भैया लाल राजवाड़े का सराहनीय योगदान के लिए इस क्षेत्र की जनता ने बधाई दिये एवं भैया लाल राजवाड़े ने भी आश्वासन दिया कि हर संभव हम प्रयासरत हैं और इस क्षेत्र की जनता को कभी भी किसी भी तरीके की इलाज के क्षेत्र में या अन्य किसी तरीके की कोई कठिनाई नहीं आने देंगे

# पत्रकार अवदेश शर्मा(बंटी) के पिताजी का हुआ निधन



कैलारस क्षेत्र के जाने माने समाजसेवी, रिटायर्ड शिक्षक एवं मुकेश शर्मा, बृजेश शर्मा, अनिल शर्मा, त्रिलोकी शर्मा, बंटी शर्मा के पूज्य पिताजी रामेश्वर दयाल शर्मा गुजरना बालों का 2 मार्च शनिवार को शाम 8ः00 बजे कैलारस अपने निवास पर निधन हो गया। श्री शर्मा काफी दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। श्री शर्मा समाजसेवा के नाम पर हमेशा अग्रणी रहे एवं अपने शिक्षकीय जीवन में हमेशा अपने कार्य को प्रधानता दी। श्री शर्मा के निधन की खबर जैसे ही नगर में लगी तो काफी संख्या में लोग उनके अंतिम दर्शन हेतु उनके निवास पर आकर अपनी श्रद्धांजली अर्पित की एवं सनातनी रीतरिवाज के साथ उनका अंतिम संस्कार 3 मार्च रविवार को कैलारस मुक्तिधाम में किया गया। श्री शर्मा की अंतिम यात्रा में नगर के गणमान्य नागरिक, शिक्षक एवं पत्रकार सम्मिलित हुए

# कलेक्टर ने खेल संघ के पदाधिकारियों एवं खेल अधिकारियों के साथ की बैठक

## जिले में संचालित खेलों के तैयार करें कैलेण्डर...कलेक्टर

### उत्कृष्ट खिलाड़ियों का किया जाएगा सम्मान

मनेन्द्रगढ़/एमसीबी / जिले में खेलों के विकास एवं अधोसंरचना को विकसित करने के उद्देश्य से कलेक्टर डी.राहुल वेंकट ने सभा कक्ष में जिले के खेल अधिकारी, कोच, सहायक कोच, व्यायाम शिक्षक तथा खेल संघ के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में उन्होंने बताया कि जिले में भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) केन्द्र की स्थापना किया जाना प्रस्तावित है। इसके बाद उन्होंने जिले में संचालित होने वाली खेल गतिविधियों के बारे में चर्चा करते हुए मनेन्द्रगढ़ और चिरमिरी में जितने भी स्टेडियम ग्राउण्ड है उनकी सूची तैयार करने तथा उनका चिन्हांकन करने के निर्देश दिए। जिससे भविष्य में आउट डोर गेम जैसे खो-खो, कबड्डी, क्रिकेट, वॉलीबॉल, बास्केटबॉल और फुटबॉल तथा इनडोर गेम कैरम, लूडो, शतरंज, टेबल टेनिस, स्क्रैबल, बैडमिंटन तथा एथलेटिक्स खेल जैसे ट्रैक और फील्ड, रीले रेस, रोड रनिंग, क्रॉस कंट्री रनिंग और रेस वॉकिंग प्रतियोगिताओं को शामिल किया गया है उनके लिए अधोसंरचना तैयार किया जा सके। जिले के खिलाड़ी संभाग स्तर, राज्य स्तर तथा राष्ट्रीय स्तर प्रतियोगिता में भाग लेते है तो ऐसे खिलाड़ियों की जानकारी तैयार करें। जिले में जितने भी प्रकार खेल प्रतियोगिता होती है चाहे वह सामूहिक हो या एकल हो, सभी खेलों के खेल कैलेण्डर की



जानकारी होनी चाहिए, जिससे जिले में कौन सी प्रतियोगिता कब और कहां पर आयोजित हो रही है की जानकारी रहे। उन्होंने जिले में खेल प्रतियोगिता आयोजित करने वाली संस्थाओं को साल में 2 से 3 बार प्रतियोगिता आयोजन कराने कहा। उन्होंने 15 अगस्त, 26 जनवरी तथा खेल दिवस 29 अगस्त जैसे अवसरों पर मेडल प्राप्त खिलाड़ियों को सम्मान देने के लिए कहा। इस दौरान मार्शल आर्ट तथा पावर लिफ्टिंग के खिलाड़ियों के द्वारा सामग्री एवं जिम की मांग की।इस दौरान खेल अधिकारी गोपाल सिंह, उतरा चेलकर, आशीष अग्रवाल, नरेन्द्र सिंह रैना, धर्मेन्द्र दास, अजय कुमार चैहान, शैलेष कुमार जैन, नरोत्तम शर्मा, गोपाल दास, कमल सिंह नाथ, शिव कुमार चैधरी, संजीदा खातून, सलिता पनाड़िया, विनय राय, असजद रजा, धर्मराज यादव, अनिता तिर्की, निलेश खलखो, रमेश सिंह, सुमित कुमार जायसवाल, बलराम त्रिपाठी, प्रकाश भगत, किशोर कुमार साहू, गोविन्द कुमार, हितेश कुमार, रणधीर ठाकुर, जोय कश्यप, पूरम कश्यप, रामदेव सहित खेल से संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# कलेक्टर श्री लंगेह ने बचरा पोड़ी के स्वास्थ्य केंद्र, बालिका छात्रावास और तहसील का किया औचक निरीक्षण बच्चों ने कलेक्टर से साझा की अपनी समस्या

कोरिया कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह ने आज बचरा पोड़ी तहसील कार्यालय, प्रथमीक स्वास्थ्य केंद्र बच्चा पोड़ी, कस्तूरबा आवासीय विद्यालय और तहसील का औचक निरीक्षण किया। इसी कड़ी में कलेक्टर श्री लंगेह ने ग्राम पड़ीता में जल जीवन मिशन के तहत चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया जिसके पश्चात उन्होंने किसानों से ओलावृष्टि से हुई हानि की जानकारी ली। उन्होंने लैब तकनीशियन से प्रतिदिन होने वाले जांच के संबंध में जानकारी ली तथा लेप्रोसी टेस्ट बढ़ाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने स्वास्थ्य केंद्र में शौचालय तथा पैरसर का नियमित साफ सफाई करने के निर्देश दिए।

**जल जीवन मिशन के कार्यों में हो उच्च गुणवत्ता** -ग्राम पड़ती में जल जीवन मिशन के तहत चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण करते हुए कलेक्टर श्री लंगेह ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी के अधिकारियों को उच्च गुणवत्ता के साथ कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। ग्राम पड़ती में जल जीवन मिशन के तहत चल रहे निर्माण कार्यों का अवलोकन किया। कलेक्टर ने नलों के लिए बनाए गए चबूतरे की गुणवत्ता सुधारने हेतु निर्देशित किया।



**प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों से की बात** -इसी क्रम में श्री लंगेह ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पोड़ी का निरीक्षण किया जिसमे उन्होंने महिला वार्ड, प्रसव केंद्र, स्टोर रूम, लैब रूम तथा ओपीडी पंजी का निरीक्षण किया साथ ही स्वास्थ्य केन्द्रों में भर्ती मरीजों से बात कर उनके स्वास्थ्य और चिकित्सा के संबंध में जानकारी ली।

**किसानों को ओलावृष्टि से नुकसान पर नियमानुसार मुआवजा मिलेगा** - बचरा पोड़ी क्षेत्र में बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि से खराब हुए फसलों का कलेक्टर श्री लंगेह ने आज निरक्षण किया। उन्होंने ग्राम पोड़ी में किसानों के खेत में पहुंच कर गेहूं फसल की स्थिति देखी तथा बोनी क्षेत्रफल, फसल क्षति रकबा भी देखा तथा राज्य अधिकारियों से मुआवजा आंकलन की प्रक्रिया आदि के संबंध में जानकारी ली। कलक्टर ने राजस्व निरीक्षक व पटवारियों से फसल नुकसान का सर्वे गंभीरतापूर्वक करने के निर्देश दिए जिससे किसानों को शासन के नियमानुसार मुआवजा राशि का वितरण किया जा सके।


**छात्रावास में बच्चों से पूछे सवाल** - कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में उन्होंने बच्चों से उनकी पढ़ाई हॉस्टल की व्यवस्था, पानी की समस्या जैसे मुद्दों पर चर्चा की और उनसे सवाला पूछा। बच्चों द्वारा मिले जवाबों से खुश हो कर उन्होंने सभी बच्चों का उत्साहवर्धन किया। छात्रावास अधीक्षिका व बच्चों ने कलेक्टर के समक्ष पानी और बिजली से जुड़ी समस्याओं से अवगत कराया। कलेक्टर ने हर संभव निराकरण करने की बात कही।

# कोयला हाईवा दुर्घटनाग्रस्त बाल बाल बचे ड्राइवर खलासी।



दुमका। सोमवार को दुमका पाकुड़ मुख्य मार्ग काठीकुंड थाना क्षेत्र के अंतर्गत आमतल्ला गांव के समीप कोयला लदा हाईवा दुर्घटनाग्रस्त, अमडापाडा से कोयला लोड कर हाईवा दुमका के रैक प्वाइंट खाली करने जाने के क्रम में बीते रात काठीकुंड के आमतल्ला गांव के समीप दुर्घटनाग्रस्त बाल बाल बचे ड्राइवर और खलासी, अमडापाडा से दुमका कोयला गाड़ी इतना तेज रफ्तार से चलने के वजह से दुर्घटनाएं होते रहती है इस रूट में चलने वाले राहगीरों को आने-जाने में काफी परेशानी होती है मन में भय लगा रहता है की कहानी कोयल गाड़ी की चपेट में ना आ जाए।

# आगामी हफ्ता शाकाहारी नशामुक्त के प्रचार के लिए बहुत अच्छा मुहूर्त है, लोग जल्दी समझेंगे, जल्दी बदलाव आ जाएगा



आगे जब कुदरत की पिक्चर चालू होगी तब देखना कितनी अनहोनी घटनाएं, आपदाएं, मार-काट होता (राजस्थान)त्रिकालदर्शी, सर्वज्ञ, वक़्त के महापुरुष, पूरे समर्थ सन्त सतगुरु,दुःखहर्ता, उज्जैन वाले बाबा उमाकान्त जी महाराज ने 3 मार्च 2024 प्रातः जयपुर (राजस्थान) में दिए व अधिकृत यूट्यूब चैनल जयगुरुदेवयूकेएम पर लाइव प्रसारित संदेश में बताया कि देखो प्रेमियों! त्रयोदशी जो 8 मार्च को आ रही है, उसके 3 दिन के बाद अमावस्या आएगी, फिर दुतिया आएगी, समझ लो अंदाजन 12-13 तारीख में पड़नी चाहिए, इस सप्ताह का जो समय है, प्रचार के लिए बहुत अच्छा समय है। यह मुहूर्त होता है। हर काम का मुहूर्त होता है। मुहूर्त से जो काम होता है, उसमें कामयाबी मिलती है। यह मुहूर्त (आदि) जितनी चीज बनाई गई हैं, सन्त महात्माओं के द्वारा बनाई गई हैं, इसलिए मुहूर्त का असर होता है।

**इस समय थोड़ी मेहनत में ज्यादा कामयाबी मिलेगी**-देखो गुरु महाराज भी मुहूर्त से सब काम करते थे और एक समय बताते थे कि जैसे दिन में 1 बजकर 10 मिनट पर यह कार्यक्रम / अभियान पूरे देश में शुरू होगा तो उसको उसी समय चालू किया जाता था। इसी तरह से पूरे देश-विदेश के लिए यह सप्ताह, हफ्ता आ रहा है, महत्वपूर्ण है। इसमें आप थोड़ा मेहनत करोगे, ज्यादा कामयाबी मिलेगी, थोड़ा मेहनत करोगे, आपका ज्यादा महत्व, कीमत बढ़ेगी। इसलिए आप लोग जो यहां पर आए हुए हो या जो कहीं भी किसी भी प्रदेश में सुन रहे हो या सुनो या यह खबर आपको लोग बतावे, आप अपनी योजना बना लो। कैसे भी करो, कैसे भी समझाओ, इस समय जिसको समझाओगे, उनके समझ में जल्दी आएगा। जल्दी उनके अंदर बदलाव होगा। बदलाव लाना भी जरूरी है, नहीं तो- बज रहा काल का डंका, कोई बचने न पाएगा। बचेगा साध जन कोई, जो सत से लौ लगाएगा।।

**नामदान देकर आधार बनाया जा रहा है, जिससे ज्यादा से ज्यादा लोगों की रक्षा हो सके**-आगे का समय तो भयंकर आ ही रहा है। ऐसा खराब समय आपने कभी देखा ही नहीं होगा। दिन-ब-दिन खराब होता ही दिखाई पड़ रहा है। बीमारियां तरह-तरह की आ रही है। लड़ाई-झगडा, अनहोनी होता चला जा रहा है। यह तो अभी कुदरत का ट्रेलर चल रहा है। पिक्चर तो अभी आगे आएगी तब देखना कितना मार-काट होता है, कितनी आपदाएं आती हैं। इससे वही लोग बचेंगे, जैसे समझो जो समंदर में डूब रहा हो और खम्भा मिल जाए, उसको पकड़ ले, डूबने से, तूफान से बच जाए। जैसे चक्की की कील गेंहू को बचाता है, इस तरह से जो कील को पकड़ लेंगे, उनकी रक्षा हो जाएगी, वही सतयुग को, अच्छे समय को देखेंगे, जो शाकाहारी नशामुक्त रहेंगे, जो व्यभिचार को छोड़ देंगे, वही ब्रह्म में विचरण करने वाले हो जाएंगे, ब्रह्मचारी हो जाएंगे।शिव रात्री का सतसंग व नामदान कार्यक्रम आगरा (उ.प्र.) में और होली का कार्यक्रम उज्जैन आश्रम में गुरु महाराज की दया रही, समय परिस्तिथि अनुकूल रहने पर होगा।

# सहजयोग जीवन के सभी अनुभवों को सुंदर काव्य संग्रह मे परिवर्तित करता है

हमारा जीवन अनेक प्रिय व अप्रिय घटनाओं का तानाबाना होता है। प्रत्येक परिस्थिति को सहज ही सहन करने की शक्ति हमें परमात्मा में विश्वास से प्राप्त होती है। परमात्मा के प्रतिनिधि के रूप में आत्मा हमारे हृदय में निवास करती है तथा प्रत्येक स्थिति में हमें प्रेरित करती है सही का चयन करने में। आत्म प्रेरणा का अनुसरण हमारे जीवन को आनंदमय तथा सहज बना देता है। सहजयोग संस्थापिका श्री माताजी निर्मला देवी जी ने जीवन में



सहजयोग के महत्व का वर्णन इस प्रकार किया है कि,÷कविताएं चांदनी की तरह हैं, और जब यह चांदनी किसी वस्तु पर छलकती है, तो यह उसके सौंदर्य को और बढ़ा देती है, उसे और करिश्माई बना देती है। जिस तरह से चांदनी सारी फैली हुई विषमता को छिपा लेती है, वैसे ही इस काव्य की भाषा इतनी सुन्दर होती है कि यह भी सारी विकारों को ढक लेती है। यह एक ऐसा वातावरण बनाती है जो अत्यंत ध्यानगम्य होता है। यह सहजयोग भी वही चीज़ है, यह हमारा जीवन बनाता है, गद्य बनाता है, सभी अनुभव और घटनाएँ जो घटित होती हैं, उनका एक काव्य संग्रह बनाता है।÷ (2 मई 1985)सहजयोग में कुंडलिनी जागरण द्वारा आत्मसाक्षात्कार प्राप्त कर अपने जीवन को आनंदमय बनाने का अनुभव अवश्य प्रदान करें। नज़दीकी सहजयोग ध्यान केंद्र की जानकारी टोल फ्री नंबर 1800 2700 800 से प्राप्त कर सकते हैं या वेबसाइट पर देख सकते हैं।

# अग्निवीर हेतु चयनित जिले के 37 युवाओं को कलेक्टर और एसपी द्वारा किया गया सम्मानित



कोंडागांव, अग्निवीर हेतु चयनित जिले के 37 युवाओं को पुष्पमाला और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। जिला कार्यालय के प्रथम तल स्थित सभाकक्ष में आयोजित सम्मान समारोह में कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत ने सभी चयनित युवाओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जिला प्रशासन और पूर्व सैनिक कल्याण परिषद द्वारा युवाओं को यह प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है, ताकि सेना में जिले के युवाओं की भागीदारी बड़ सके। जिले के अधिक से अधिक युवाओं को देश सेवा करने का अवसर प्राप्त हो सके। उन्होंने कहा कि बेहतर प्रशिक्षण और मार्गदर्शन के कारण उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त हुए। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि वे अपने क्षेत्र के आसपास के युवाओं को भी शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में जिला प्रशासन द्वारा किए जा रहे कार्यों से अवगत कराएं और उन्हें भी देश सेवा के लिए प्रेंरित करें। उन्होंने कहा कि देश का हित ही सैनिक का कर्त्तव्य है तथा वे युवाओं को सही मार्गदर्शन देकर यह कार्य करें, जिससे दूसरे युवाओं का भविष्य भी उज्ज्वल हो। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन निरंतर आपके साथ है तथा प्रशिक्षण को और अधिक बेहतर बनाने का कार्य भी किया जा रहा है।इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक श्री वाय अक्षय कुमार ने बड़ी संख्या में जिले के युवाओं का अग्निवीर हेतु चयन होने पर गर्व का अवसर बताया। उन्होंने सभी युवाओं को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।इस अवसर पर जिला रोजगार अधिकारी श्री पवन नेताम, अखिल भारतीय भूतपूर्व सैनिक परिषद कोंडागांव के संयोजक श्री सुब्रत शाहा, अध्यक्ष श्री सूरज यादव, कोषाध्य श्री सोमेश्वर भारती साहू उपस्थित थे।

## ब्लॉक स्तरीय बैठक



योगेश शर्मा राजौरी
पुष्पांजलि टुडे

सह प्रशिक्षण का आयोजन मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद चाचौड़ा में प्रस्फुटन समिति, नवांकुर संस्था को स्वास्थ्य विभाग से डॉक्टर श्री अमित जी जायसवाल द्वारा पास विभाग में चलाई जा रही थी योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी टीकाकरण योजना सुपर क्लिनिक जिसके माध्यम से बीनागंज अस्पताल में सभी प्रकार के जांच की जाती है 1 से 6 साल के बच्चों के लिए तलवा तोतलापन पांव का टेड़ापन इन सभी बीमारियों का इलाज निशुल्क सरकार की तरफ से किया जाता है उसी के साथ-साथ गंभीर बीमारियों के बारे में लड़की का ऐड और अन्य बीमारियों के लक्षण व इलाज के बारे में विस्तार से बताया किसी प्रकार हार्ट अटैक होने पर प्राथमिक उपचार किस प्रकार दिया जाता है और मरीज को क्या-क्या सुविधा दी जा सकती है उसके बारे में विस्तार से बताया द्वितीय सत्र में मध्य प्रदेश आज का मिशन द्वारा से शैलेंद्र सक्सेना ब्लॉक प्रबंधक अधिकारी द्वारा आज का मिशन द्वारा सरकार का समय और स्वरोजगार हेतु सूक्ष्म उद्योग व आर्थिक सहायता देकर महिलाओं और पुरुष को रोजगार से जोड़ना और रोजगार के लिए लोन के रूप में एक लाख तक का लोन देकर युवाओं को स्वरोजगार कुटीर उद्योग लगाने के लिए योजना के बारे में बताएं इसी के साथ-साथ युवाओं को गार्ड सुरक्षा गार्ड की ट्रेनिंग देकर रोजगार से जोड़ने के बारे में जानकारी दें वह प्रतिरोध सूक्ष्म उद्योग व अन्य महत्वपूर्ण जानकारी देकर आज इनफॉरमेशन द्वारा सभी प्रश्नोत्तर समिति व नाम को संस्थाओं का मार्गदर्शन किया मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका उपाध्यक्ष उपस्थित रहे जिन्होंने सभी जन अभियान परिषद के हॉस्पिटल समिति का मार्गदर्शन कर बैठक की गरिमा बड़ाई इस अवसर पर ब्लॉक समन्वयक कृष्णपाल सिंह राठौर द्वारा सभी प्रस्फुटन समिति नवांकुर संस्थाओं के किए गए कार्य की समीक्षा कर आगामी कार्य योजना और मतदाता जागरूकता अभियान आदि जानकारियां दी बैठक में नवांकुर संस्था से अनिल सेन, हरनाम सिंह जी मीणा उधम सिंह लोधी ,केशव मीणा बनवारी मीणा, परामर्शदाता में श्रीधर शर्मा, अरविंद कुमार पारीक विनोद कुमार ,राघवेंद्र राजोरिया उपस्थित रहे

## नारी शक्ति वंदन यात्रा लोकसभा मैं इस बार भाजपा करेगी 400 पार –सीमा शिवहरे

अनिल कुशवाह
पुष्पांजलि टुडे

शिवपुरी- शिवपुरी भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष सीमा शिवहरे ने शहर में नारी शक्ति वंदन यात्रा निकाल जिसमें उन्होंने बताया कि इस बार भारतीय जनता पार्टी की लोकसभा में 400 से अधिक शीट आएंगे इस मौके पर भाजपा राज्यसभा सांसद महिला मोर्चा प्रदेश प्रभारी समानीय कविता जी पाटीदार राज्यसभा सांसद महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष माया जी नारोलिया नारी शक्ति वंदन प्रदेश स्योजंक लता जी वानखेड़े जिला अध्यक्ष राजू बाथम जी के निर्देशानुसार आज शिवपुरी में भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष सीमा शिवहरे जी के नेतृत्व में नारी शक्ति वंदन यात्रा राजेश्वरी मंदिर से हनुमान चौराहे होते हुए कस्टम गेट पर समापन किया भारतीय जनता पार्टी की महिला मोर्चा की बहनों ने और मातृशक्ति भारतीय जनता पार्टी की महिला मोर्चा की बहनों ने एवं मातृशक्ति बहनों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया मोदी जी को




सभी बहनों ने धन्यवाद देते हुए शक्तियां स्लोगन पार्टी का गमछा और टोपी पहनकर ढोल नगाड़ों से अबकी बार 400 पर मोदी जी है तो मुमकिन है के नारे लगाते हुए एक विशाल रैली निकाल लोकसभा वी विधानसभा में 3 दसको से चल रही मांग हुई पूरी महिलाओं को 33 परसेंट आरक्षण धन्यवाद मोदी जी महिलाओं का जीवन हुआ आसान 9 करोड़ महिलाओं को नल से जल मिला महिलाओं को मोदी जी की गारंटी का पूर्ण विश्वास है राजनीति में बढ़ाया मान 10 करोड़ उज्वल से मिला महिलाओं को लाभ लाने के लिए महिलाओं नारी शक्ति बंधन लाने के लिए महिलाओं ने मोदी जी को धन्यवाद दिया बरेली निकाल धन्यवाद मोदी रैली में उपस्थित भारतीय जनता पार्टी की जिला अध्यक्ष श्रीमती सीमा शिवहरे जी प्रदेश कर समिति सदस्य सोमवती यादव जी जिला उपाध्यक्ष मंजुला जैन जी जिला उपाध्यक्ष राधा ओझा जी जिला महामंत्री नीलम बघेल जी जिला मंत्री नीलम चंदेल जी वरिष्ठ नेत्री योग्यता झोपे वरिष्ठ नेत्री लक्ष्मी जाटव जी कार्यालय मंत्री मुनि शर्मा जी सहकारी मंत्री मुनि कुशवाहा जी प्रचार मंत्री चंद्र मेहता जी मंडल अध्यक्ष ममता राठौर जी मिथिलेश ओझा जी महामंत्री शोभा साधना शिवहरे जी रजनी जी रुक्मणी ओझा जी शिवकुमारी जी गायत्री राठौर जी सुनीता खंडेलवाल जी एवं सैकड़ो की संख्या में मातृशक्ति बहने उपस्थित रही

## नाबालिग अपहृता को बहला फुसलाकर ले जाने वाली महिला को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया

अनिल कुशवाह
पुष्पांजलि टुडे

**शिवपुरी–** पुलिस अधीक्षक महोदय शिवपुरी रघुवंश सिह भदौरिया एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव मुले के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी महोदय श्री संजय चतुर्वेदी के निर्देशन में थाना हाजा के अपराध क्र.41/2024 धारा 363 भादवि की अपहृता को आज दिनांक 03.03.2024 को दस्तयाब कर आरोपिया चमेली आदिवासी पत्नि मस्तराम आदिवासी उम्र 38 साल निवासी ग्राम पतारा थाना सुभाषपुरा जिला शिवपुरी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया।उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी सुभाषपुरा उनि कुसुम गोयल, सउनि आर के सगर, प्रआर0 99 महेशदत्त शर्मा, प्रआर0 197 अभय सिंह, आर0 301 विमल बोहरे, आर.आलोक व्यास, आर.274 धर्मेन्द्र शर्मा, आर0 619 पवन कुमार, म.आर.1146 प्रीति राठौर, आर.598 अर्जुन कुमार की अहम भूमिका रही।

## पिछोर में आयोजित हुआ लोकोत्सव कार्यक्रम

अनिल कुशवाह
पुष्पांजलि टुडे

शिवपुरी- सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से वर्ष 2023- 24 का राज्य स्तरीय लोकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह दो दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम पिछोर के छत्रसाल स्टेडियम में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग मंत्री नारायण सिंह कुशवाह शामिल हुए। शनिवार की शाम मंत्री नारायण सिंह कुशवाह पिछोर पहुंचे। कार्यक्रम से पहले उन्होंने करेरा के ओलावृष्टि प्रभावित गांव का भ्रमण भी किया और किसानों से भी चर्चा की। मौके पर उपस्थित अधिकारियों को सर्वे करने के निर्देश दिए। इसके उपरांत वह कार्यक्रम में पहुंचे जहां कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत हुई। लोक उत्सव कार्यक्रम में विभिन्न अंचलों से आए लोक कलाकारों द्वारा लोक नृत्य और लोकगीतों की प्रस्तुति दी गई।

## किसानों की समस्या को लेकर भारतीय किसान संघ ने मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

### ओलावृष्टि से बर्बाद फसलों का अतिशीघ्र सर्वे कराया जाए, बरना होगा विशाल आंदोलन : बृजेश धाकड़

अनिल कुशवाह
पुष्पांजलि टुडे

शिवपुरी-खबर कलेक्ट्रेट कार्यालय से आ रही है जहां मंगलवार को भारतीय किसान संघ ने किसानों की तत्कालीन समस्याओं के साथ शासन की घोषणाएं पर अमल करने को लेकर कलेक्टर शिवपुरी को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बे मौसम आंधी तूफान,बारिश एवं ओलावृष्टि से जिले की विभिन्न तहसीलों में किसानों की फसलें बर्बाद हो चुकी है उन बर्बाद फसलों का सर्वे करवारकर किसानों को राहत राशि दी जाने जैसी 7 सूत्रीय मांगों के साथ ज्ञापन सौंपा है।भारतीय किसान संघ के जिलाध्यक्ष बृजेश धाकड़ ने जानकारी देते हुए बताया कि संघ का यह प्रदेशव्यापी ज्ञापन हैं जिसमें प्रदेशभर के किसानों की समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया है। इसी क्रम में मंगलवार को संघ के पदाधिकारियों के साथ किसानों ने कलेक्टर को ज्ञापन देकर अपनी मांगे रखी है। इन मांगो में निवर्तमान विधानसभा चुनाव में शासन की घोषणा अनुसार गेहूँ 2700 रुपए प्रति कुंटल और धान 3100 रुपए प्रति कुंटल खरीदने का वादा किया था सरकार की चुनाव पूर्व घोषणा अनुसार वादा निभाकर खरीदी सुनिश्चित की जाने। किसान सम्मान निधि में बढ़ोतरी की जाने कृषि उपकरणों से (जीएसटी)




हटाई जाने के साथ किसानी करते समय आकाशी बिजली करंट जहरीले कीट द्वारा काटने से या उपज को मंडी ले जाते वक्त बहन से कोई दुर्घटनाग्रस्त किसान की मृत्यु होती है तो किसान को शहीद का दर्जा दिया जाने और जिला शिवपुरी की कृषि उपज मंडी पिपरसमा में किसानों के आराध्य भगवान बलराम की मूर्ति स्थापित की जाने व लागत के आधार पर लाभकारी मूल्य को लागू कर इसको दिलाना सुनिश्चित करने के साथ 7वीं मांग में पिपरसमा अनाज मंडी शिवपुरी के पास फोर लाइन हाईवे पर यातायात पुलिस के द्वारा वाहन चेकिंग के नाम पर किसानों को परेशान किया जा रहा है चेकिंग के नाम पर किसानों को परेशान नहीं किया जाने की मांग की है।जिलाध्यक्ष बृजेश धाकड़ ने बताया कि किसानों की तत्कालीन समस्या ओलावृष्टि की बजह से फसलों में हुए नुकसान का अतिशीघ्र सर्वे कराकर किसानों को राहत राशि दिए जाने पर जोर देते हुए समस्या का निराकरण न होने पर आंदोलन की चेतावनी भी दी है। इस दौरान संभागीय अध्यक्ष कल्याण सिंह यादव, जिलाध्यक्ष बृजेश धाकड़, जिला कोषाध्यक्ष योगेश वर्मा, संभाग कार्यकारिणी सदस्य राजेश बर्मा, जिला सह मंत्री हरीसिंह सतैरिया,अखिलेश बर्मा, जीतेन्द्र रावत, अशोक परिहार, सूरज पाल, बवलेश धाकड़, महेन्द्र बर्मा, सूरज सिंह आदि सहित आधा सैंकड़ा की संख्या मे किसान मौजूद रहे।एसपी और यातायात प्रभारी को भी बाहन चैकिंग के नाम पर किसानों को परेशान न करने की रखी मांगभारती किसान संघ के पदाधिकारियों व किसानो ने एसपी शिवपुरी रघुवंश सिंह भदौरिया से मुलाकात करते उन्हें मौखिक रूप से बाहन चैकिंग के नाम पर परेशान किए जाने की समस्या का तत्काल निराकरण करने की मांग रखी है एसपी और यातायात प्रभारी शिवमंगल सिंह लोधी ने बिना किसी कारण किसी भी किसान को परेशान न करने का भी आश्वासन भारतीय किसान संघ को दिया है। इस दौरान पिपरसमा अनाज मंडी के पास फोरलेन हाइवे पर किसानों को बेबजह परेशान करने की बात भी किसान संघ ने ज्ञापन में रखी है।

## नवनियुक्त पटवारी, कृषि विस्तार अधिकारी और एएनएम को सौंपे नियुक्ति पत्र



अनिल कुशवाह
पुष्पांजलि टुडे

शिवपुरी-मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मंगलवार को स्वच्छता मित्रों को सम्मानित किया और नवनियुक्त पटवारी, कृषि विस्तार अधिकारी सहित विभिन्न विभागों में नियुक्त युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। यहां जिला स्तरीय कार्यक्रम मानस भवन में आयोजित हुआ। जिले में राजस्व विभाग के तहत 110 पटवारी, स्वास्थ्य विभाग में 11 एएनएम, 5 फार्मासिस्ट और कृषि विभाग में 44 ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों को नियुक्ति मिली है, जिन्हें नियुक्ति पत्र सौंपे गए। सभी ने राज्य स्तरीय कार्यक्रम से लाइव प्रसारण के माध्यम से मुख्यमंत्री को सुना। कार्यक्रम में विधायक शिवपुरी देवेंद्र जैन, विधायक पिछोर प्रीतम लोधी, विधायक करैरा रमेश खटीक शामिल हुए।कार्यक्रम में कलेक्टर रवींद्र कुमार चौधरी, जिला पंचायत सीईओ उमराव मरावी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम को विधायकगण ने संबोधित किया और सभी नवनियुक्त युवाओं को भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप सभी शासकीय सेवा में आए हैं। आज सभी को नियुक्ति पत्र दिया जा रहा है। इस कर्तव्य को पूरी ईमानदारी से निभाएं। यह नौकरी एक सेवा है और सेवा भाव से ही सभी को काम करना है। स्थानीय अमले का किसी भी विकास कार्य में महत्वपूर्ण योगदान होता है। पटवारी, ए एन एम, आरएईओ सभी स्थानीय स्तर पर ग्रामीणों से जुड़े रहते हैं इसलिए लोगो की समस्या समझने में अहम योगदान रहता है। यदि सभी पूरी कर्तव्यनिष्ठा से काम करेंगे तो लोगों को लाभ मिलेगा। कार्यक्रम को कलेक्टर रवींद्र कुमार चौधरी ने भी संबोधित किया और विभिन्न विभागों में नियुक्त सभी युवाओं को शुभकामनाएं दीं। लगन के साथ काम करने के लिए प्रेरित किया।कार्यक्रम में स्वच्छता मित्रों को भी सम्मानित किया। अतिथियों ने कहा कि यदि हमारे सफाई कर्मी शहर को स्वच्छ न रखें तो कैसा वातावरण होगा। स्वच्छता मित्रों के कारण ही हम शहर को साफ सुथरा देखते हैं। सभी को इस अभियान में जुड़ना होगा। अपने आसपास गंदगी न करें। कचरा गाड़ी में कचरा डाले और शहर को स्वच्छ बनाएं।

## फरार दो आरोपियों पर पुलिस अधीक्षक द्वारा दो दो हजार रूपये का इनाम घोषित किया




राकेश परिहार पिछोर
9691338626

पिछोर, फरियादी बलराम पुत्र बेनी प्रसाद लोधी उम्र 30 वर्ष निवासी मजरा निदानपुर ग्राम पड़रा के खाते से आरोपी गोलू उर्फ इंद्र कुमार पुत्र अजब सिंह लोधी नितेश पुत्र अजब सिंह लोधी निवासीगण निदानपुर द्वारा छल पूर्वक फरियादी के खाते से 4.92.611 रुपए ट्रांसफर कर निकाल लिए जिस पर आरोपी गोलू उर्फ इंद्र कुमार पुत्र अजब सिंह लोधी उम्र 32 साल, नितेश पुत्र अजब सिंह लोधी उम्र 24 साल निवासीगण निदानपुर की गिरफ्तारी के काफी तृतीय ने किए जाने पर आरोपीगण नहीं मिले तथा घटना दिनांक से फरार है पुलिस अधीक्षक शिवपुरी द्वारा दोनों वालों क्यों को गिरफ्तारी हेतु जो कोई व्यक्ति फरार आरोपियों को बंदी बनाने या बंदी बनवाने उसके द्वारा वंदीकरण की शक्ति का विरोध किए जाने पर विधि संग्रत आवश्यक बल प्रयोग कर बंदी बनाने या बनवाने के लिय सही सूचना देगा या बंदी करवाइगा उसे दोनों आरोपियों की गिरफ्तारी पर 2000.2000 रु. पुरस्कार पुरस्कृत किया जावेगा तथा सूचना देने वाले का नाम गोपनीय रखा जावेगा

## शिवपुरी पुलिस को मिली बड़ी सफलता।पुलिस थाना करैरा ने बाजार करैरा में डीजे से ध्वनि प्रदूषण फैला रहे डीजे को किया जप्त एवं आरोपी चालक के विरुद्ध कोलाहल एक्ट के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध किया

राकेश परिहार पिछोर
9691338626

**करैरा**,पुलिस अधीक्षक रघुवंश कुमार सिंह ,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवपुरी संजीव मुले व एस.डी.ओ. पी. करैरा शिवनारायण मुकाती के मार्गदर्शन में तेज आवाज में डीजे बजाने वालों के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है इसी अभियान के अंतर्गत थाना प्रभारी करैरा निरीक्षक सुरेश शर्मा के नेतृत्व में पुलिस थाना करैरा की टीम ने आज करैरा बाजार आम रोड पर तेज आवाज में डीजे बजाने पर डीजे व महिंद्रा कमांडर जीप जप्त की गई ।डीजे में करीब 19 तुरही 6 ट्वीटर और तेज आवाज करने वाले 8 कैबिनेट एमप्लीफायर मिक्सर




उपकरण लगे थे जो इतनी आवाज कर रहे थे जिससे कि रोड भी हिल रहा थी। आम जनता को असुविधा हो रही थी व परीक्षा का समय चल रहा है छात्र-छात्राओं को भी असुविधा हो रही थी पढ़ाई करने में । महिंद्रा कमांडर जीप में आगे पीछे नंबर भी नहीं था । कमांडर जीप व डीजे सिस्टम जप्त कर आरोपी बीरेंद्र कुशवाह निवासी खेड़ापति कॉलोनी करैरा के विरुद्ध पुलिस थाना करैरा में अपराध क्रमांक162/24धारा 5/15 मध्य प्रदेश कोलाहल नियंत्रण अधिनियम 1985 पंजीबद्ध किया । पुलिस थाना करैरा की टीम में सउनि शैलेन्द्र सिंह चौहान, सउनि सुबोध टोप्पो, प्रधान आरक्षक राजेंद्र यादव ,आरक्षक दीपेंद्र गुर्जर, विकास भारद्वाज, सतेन्द्र सिकरवार ,संदीप चौहान व नगर रक्षा समिति सदस्य आनंद यादव की मुख्य भूमिका रही।

## ज्योतिरादित्य सिंधिया को शिवपुरी गुना लोकसभा से प्रत्याशी बनाए जाने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न

राकेश परिहार पिछोर
9691338626

शिवपुरी। शिवपुरी गुना लोकसभा से केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के प्रत्याशी घोषित होते ही ब?ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता जिला कार्यालय पर उपस्थित हुए यहां पहले कार्य समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाध्यक्ष राजू बाथम ने सभी कार्यकर्ताओं पदाधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए पूरे उत्साह से संकल्प से सिद्धि के मंत्र को आत्मसात करने का आव्हान किया। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव के बाद लोकसभा चुनाव आ गए हैं और हमारे लोकप्रिय नेता ज्योतिरादित्य सिंधिया को भारी से भारी बहुमत से विजई बनाकर संसद में पहुंचना है। बैठक का संचालन महामंत्री सोनू बिरथरे ने किया। बैठक में पूर्व जिला अध्यक्ष नरेंद्र बिरथरे, पूर्व विधायक ओमप्रकाश खटीक, हरिहर शर्मा, माखनलाल राठौर, विधायक महेंद्र यादव, प्रहलाद भारती, जिला पंचायत अध्यक्ष नेहा यादव, प्रदेश कार्य समिति सदस्य हरवीर रघुवंशी, केशव सिंह, सुरेश राठखेड़ा, नगर पालिका अध्यक्ष गायत्री शर्मा आदि मौजूद रहे।जिला मीडिया प्रभारी विकास दंडोतिया ने बताया कि बैठक के बाद कार्यालय से ही ढोल नगाड़ों के साथ भाजपा कार्यकर्ता पदाधिकारी पैदल ही माधव चौक के लिए निकले। इस दौरान सभी कार्यकर्ता भाजपा जिंदाबाद के नारे लगा रहे थे। माधव चौक पर सभी कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाया और आतिशबाजी की। जिला अध्यक्ष राजू बाथम ने कहा कि संगठन ने हमारे लोकप्रिय नेतृत्व को टिकट घोषित कर शिवपुरी गुना जिले की विधानसभा के प्रत्येक कार्यकर्ता का महत्व ब?ाया है। सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर इस बार केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को भारी बहुमत से विजयी बनाकर संसद में भेजेंगे।कार्यकर्ताओं के उत्साह ढोल नगाढ़ों के बीच मीडिया से बात करते प्रदेश कार्य समिति सदस्य हरवीर रघुवंशी ने कहा कि हमारा सौभाग्य है कि हमें ज्योतिरादित्य सिंधिया जैसा ऊर्जावान नेतृत्व प्राप्त हुआ। शिवपुरी जिला हमेशा ही सिंधिया का कर्म क्षेत्र रहा है। एक



एक कार्यकर्ताओं से उनका स्नेह सदैव बना रहता है। एक बार फिर हमें ज्योतिरादित्य सिंधिया को संसद में भारी मतों से विजयी बनाकर भेजना है और इसके लिए कार्यकर्ता उत्साहित हैं। शिवपुरी क्षेत्र की जनता इस बार 400 पार के नारे को संकल्प के रूप में लेकर ऐतिहासिक विजय के लक्ष्य को पूरा करेगी।इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष हेमंत ओझा, मंजुला जैन, पवन जैन, महामंत्री सोनू बिरथरे, गगन खटीक, मंत्री मुकेश चौहान, प्रदेश कार्य समिति सदस्य विजय शर्मा, मंडल अध्यक्ष विपुल जैमिनी, केपी परमार, सांसद प्रतिनिधि रामजी व्यास, युवा मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष आकाश शर्मा, युवा मोर्चा अध्यक्ष नवनीत सेन, पिछड़ा वर्ग मोर्चा अध्यक्ष संजय कुशवाहा, महिला मोर्चा अध्यक्ष सीमा शिवहरे, मुन्नालाल कुशवाहा, राजीव जैन, रमन अग्रवाल, हरिओम काका, गोलू व्यास, आकाश राठौर, युवा मोर्चा के विवेक उपाध्याय, अमन मिश्रा, राहुल खटीक, विकास गोयल, निकेतन शर्मा, अर्पण शर्मा, सोनू राजावत कार्य करता हुआ पदाधिकारी मौजूद रहे।

# जनसुनवाई में सुनी गई आवेदकों की समस्याएं55 आवेदकों ने दिया आवेदन

**खरगोन जिले से मुन्ना खान ब्यूरो चीफ पुष्पांजलि टुडे**

प्रत्येक मंगलवार को होने वाली जनसुनवाई की कड़ी में आज 05 मार्च को कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। इसमें कलेक्टर श्री कर्मवीर शर्मा ने अन्य अधिकारियों के साथ आवेदकों की समस्याओं को सुना और संबंधित अधिकारियों को उनका त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। आज की जनसुनवाई में 55 आवेदकों ने अपने समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए हैं। जनसुनवाई में बड़वाह तहसील के ग्राम बलवाड़ा के राजेन्द्र पिता गोपीचंद शिकायत लेकर आये थे कि राजस्व की सरकारी जमीनों पर कब्जा कर उसे बेचा जा रहा है। राजेन्द्र का कहना था कि



भूमाफिया राजुकमार बंजारा बाय पास निर्माण के पास की सरकारी जमीन पर कब्जा कर उसे बेच देता है। इस संबंध में कई बार शिकायत की लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई है। राजेन्द्र ने कहा कि राजकुमार बंजारा शातिर बदमाश है और नकली पुलिस बनने पर उसे महु पुलिस ने गिरफ्तार कर कोर्ट केस भी बना लिया है। उन्होंने भूमाफिया राजकुमार के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही की मांग की है। जनसुनवाई में भीकनगांव तहसील के ग्राम ललनी की नीतु पति दीपक कुशवाह शिकायत लेकर आयी थी कि डिलेवरी के पश्चात योजना के तहत 16 हजार रुपए की राशि नहीं मिली है। नीतु का कहना है कि इस संबंध में स्वास्थ्य विभाग भीकनगांव भी गए लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों द्वारा कहा गया है कि राशि डाल दी गई है लेकिन राशि आज तक प्राप्त नहीं हुई है। अतः प्रस्तुती सहायता राशि शीघ्र दिलाई जाए।

# सांसद ने ली अधिकारियों की बैठक

**खरगोन जिले से मुन्ना खान ब्यूरो चीफ पुष्पांजलि टुडे**

खरगोन-बड़वानी सांसद श्री गजेन्द्र सिंह पटेल आज 05 मार्च को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में अधिकारियों की बैठक लेकर विकास कार्यो के संबंध में चर्चा की। इस दौरान कलेक्टर श्री कर्मवीर शर्मा एवं सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।सांसद श्री पटेल ने बैठक में बीते 5 सालों के दौरान विकास कार्यों के लिए अधिकारियों द्वारा उन्हें दिए गए सहयोग के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारियों ने जिले के विकास कार्यों के लिए तत्परता के साथ काम किया है। कोरोना काल में भी सभी अधिकारियों ने अपनी जिम्मेदारियां का निर्वहन ईमानदारी के साथ किया है। उन्होंने कहा कि शासकीय अधिकारियों कर्मचारियों के कंधे पर विकास कार्यों को लेकर जो जिम्मेदारी है वहीं जिम्मेदारी जनता की सेवा के लिए मेरे कंधों पर भी है। हम सब ने मिलकर इस जिम्मेदारी को अच्छे से निभाया है और जिले के विकास में योगदान दिया है।



# टीएल बैठक में कलेक्टर ने की समयसीमा प्रकरणों की समीक्षा

**खरगोन जिले से मुन्ना खान ब्यूरो चीफ पुष्पांजलि टुडे**

आज 05 मार्च को कलेक्टर श्री कर्मवीर शर्मा की अध्यक्षता में टीएल बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में कलेक्टर द्वारा समयसीमा संबंधी प्रकरणों की विस्तार से समीक्षा की गई और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में अपर कलेक्टर श्री जेएस बघेल, श्रीमती लक्ष्मी गामड़, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती हेमलता सोलंकी, डिप्टी कलेक्टर सुश्री पूर्वा मण्डलोई, सभी एसडीएम एवं सभी विभागों के अधिकारी मौजूद थे। बैठक में सर्वप्रथम लोकसभा चुनाव-2024 की तैयारी के संबंध में चर्चा की गई। इस दौरान कलेक्टर श्री शर्मा ने अधिकारियों से कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही आदर्श आचार संहिता के प्रभावी होने पर 24 घण्टे के भीतर शासकीय सम्पत्तियों से विरूपण हटाने की कार्यवाही करें। इसी प्रकार 48 घण्टे के भीतर सार्वजनिक स्थलों से एवं 72 घण्टे के भीतर निजी सम्पत्ति पर बिना अनुमति के किए गए विरूपण को हटाने की कार्यवाही करना है। इसके लिए सभी जनपद पंचायतों के सीईओ एवं नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को तैयार रहना है। सभी अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे उन स्थानों को चिन्हित कर ले जिनसे आचार संहिता के प्रभावी होने पर पोस्टर, बैनर, झण्डे हटाना है। बैठक में निर्देशित किया गया कि जो निर्माण कार्य स्वीकृत हो गए हैं और जिनका भूमि पूजन हो चुका है उन्हें शीघ्र प्रारंभ करें। लोकसभा चुनाव के दौरान सभा की अनुमति के लिए स्थल चिन्हित करने के निर्देश दिए गए। आचार संहिता के प्रभावी होने पर सभी अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि बिना अनुमति के लाउड स्पीकर का उपयोग न हो। बैठक में जनसुनवाई में प्राप्त होने वाली शिकायतों को आकांक्षी पोर्टल पर दर्ज करने और उनका शीघ्र निराकरण कर

# पार्टी ने मौका दिया तो भाजपा को रिकार्ड मतों से हराएंगे : डॉ. चिमन्नलाल हिंडोलिया

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड । लोकसभा चुनाव के नजदीक आते ही चुनावी सरगर्मीया तेज हो गई हैं। भिण्ड - दतिया लोकसभा चुनाव 2024 के लिए कांग्रेस में टिकट के लिए कई दावेदार है,जिनमें पूर्व मंत्री एवं पूर्व विधायक से लेकर वर्तमान विधायक तक शामिल हैं,वहीं 2018 में प्रोफेसर के पद से इस्तीफा देकर राजनीति में आये,भिण्ड के मूल निवासी प्रबल दावेदार प्रोफेसर डॉ. चिमन्नलाल हिंडोलिया का नाम भी संभावित उम्मीदवार के रूप में क्षेत्र में बड़े जोर शोर से चर्चा में चल रहा है । डॉ. हिंडोलिया ने कहा कि भाजपा सिर्फ जुमलेबाजी करती है,वहीं कांग्रेस जनविकास के काम करती है।उन्होंने कहा कि उनके मन में हमेशा से ही जनसेवा की भावना रही है । डॉ. चिमन्नलाल ने बताया



कि 2018 में प्रोफेसर पद से इस्तीफा देने के बाद से ही वह विगत कई बर्षों से कांग्रेस पार्टी के लिए काम कर रहे हैं । उन्होंने बताया कि उनकी जिला एवं प्रदेश से लेकर राष्ट्रीय नेताओं के अलावा पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी तक से मुलाकात हुई है,सभी ने अपना आर्शीवाद दिया है,उन्हें टिकट मिलने की पूरी उम्मीद है और यदि पार्टी उन्हें उम्मीदवार बनाती है,तो कार्यकर्ताओं एवं जनसहयोग से रिकार्ड मतों से भाजपा को हराकर चुनाव जीतेंगे । डॉ. हिंडोलिया ने कहा कि मौका मिला तो भिण्ड - दतिया में विकास करना ही मुख्य उद्देश्य रहेगा। उन्होंने कहा कि हमारे क्षेत्र की सबसे बड़ी समस्या बेरोजगारी,स्वास्थ्य,शिक्षा,सुरक्षा की है। डॉ. हिंडोलिया ने कहा कि उन्हें पार्टी और जनता के आर्शीवाद से मौका मिला तो क्षेत्र की बेरोजगारी खत्म करने पर काम करेंगे । उन्होंने उन्होंने कहा कि मालनपुर की बंद फेक्ट्रीयो को चालू कराएंगे,ग्वालियर - इटावा को सिक्स लाइन बनवाने का काम करेंगे,भिण्ड में रिचर्स सेंटर खुलवाएंगे जिससे विकास हो सके और क्षेत्र के नोजवानों को ज्यादा से ज्यादा रोजगार मिल सके।डॉ. चिमन्नलाल हिंडोलिया 2019 से कांग्रेस पार्टी के बैनर तले सक्रीय राजनीति में है । पार्टी द्वारा किये गए धरना, प्रदर्शन,रैलीयों,आम सभाओं, आन्दोलनों एवं भारत जोड़ो यात्रा व भारत जोड़ो न्याय यात्रा मे भाग लिया। विधानसभा चुनाव 2023 में भिण्ड की पांचों विधानसभाओं में बढ़चढ़कर काम किया। उन्होंने कहा कि उन्होंने भाजपा सरकार की देश विरोधी,जन विरोधी नीतियों के विरोध में निरंतर संघर्ष किया है। जिसमें पार्टी एवं आमजनता का फुल सपोर्ट मिलता रहा है।

# वृद्धाश्रम में मनाया अपना 50वां जन्मदिवस

**रीतेश अवस्थी**
**पुष्पांजली टुडे**

दमोह। भारतीय जनता पार्टी दीनदयाल मंडल के अध्यक्ष पंडित पवन तिवारी नें अपना 50वां जन्मदिन वृद्धो के बीच वृद्धाश्रम में जाकर मनाया। उनका कहना है कि लगभग 5-6 वर्षो से अपना जन्मदिन बुजुर्गो के साथ मनाते आ रहा हूँ। इस अवसर पर उनके चाहनें वालों में यशपाल सिंह राजपूत, मनीष सोनी, प्रीतम चौकसे,जे पी मिश्रा, आशुतोष चौरसिया, हरि रजक, कपिल चौरसिया, दीपेश राठौर, सत्यम यादव, राहुल कुमार, मनीषा पवन तिवारी, शिवेंद्र गोलू तिवारी, मनीष शर्मा, विक्रम सिंह, शांतनु मिश्रा,देवू, रफ्तार,गोलू साहू, गीतेश अठ्या, आलोक मुखरैया, मोंटी रैकवार, भरत यादव, राहुल सैनी, राजुल चौराहा, राकेश लोधी, सृजन असाटी, रोबिन रजक,दाऊद सौदागर, सत्यम रजक, अभय चौरसिया, लकी,सहित ब?ी संख्या में युवाओं नें उन्हें शुभकामनायें प्रेषित की।



# प्राथमिक माध्यमिक उच्च माध्यमिक शिक्षक संघ ने कलेक्टर महोदय को दिया ज्ञापन



**पुष्पांजली टुडे**

दमोह। प्राथमिक माध्यमिक उच्च माध्यमिक शिक्षक संघ के द्वारा कलेक्टर को ज्ञापन दिया गया।ज्ञापन में शिक्षकों को प्रथम क्रमन्नोति,द्वितीय क्रमन्नोति समय मान वेतनमान एवं सातवें वेतन के चौथी किस्त का एरियस 4त ष्ठ का एरियस अधिकांश संकुलो में संबंधित शिक्षकों को भुगतान नहीं किया गया है इस संबंध में कलेक्टर से अतिशीघ्र आदेश जारी करवाने के लिए आग्रह किया। ज्ञापन में प्रांतीय शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष देवेंद्र सिंह ठाकुर,ताहिर खान, पीएम यू एम शिक्षक संघ के कार्यकारिणी जिला अध्यक्ष कैलाश असाटी पी एम यू एम शिक्षक संघ के जिला प्रमुख मुकेश श्रीवास्तव पीएम यू एम शिक्षक संघ के कोषाध्यक्ष मोहन ठाकुर, पीएम यू एम शिक्षक संघ के जिला सचिव अजय रोहित, पीएम यू एम शिक्षक संघ महामंत्री संजय गांगरा, नरेंद्र नामदेव, संजीव श्रीवास्तव,राम रतन अहिरवार, मयंक सोनी,प्रीतम कोष्टी,सुशील श्रीवास्तव,नारायण सिंह ठाकुर, नितेश सिंह सहित बडी संख्या में शिक्षकों कि उपस्थिति रही। ज्ञापन देने आये में सभी शिक्षक साथियों का पी एम यू एम शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष पवन खरे ने आभार व्यक्त किया।

# नि :शुल्क स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन150 लोगों ने लिया स्वास्थ्य लाभ





**रीतेश अवस्थी**
**पुष्पांजली टुडे**

दमोह। सागर नाका स्थित एक निजी होटल में रविवार को सर्वेश्वर समिति, ऐश्वर्या महिला शक्ति समिति और महिला शिक्षा संस्कृति उत्थान न्याय नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर एवं महिला शिक्षा व स्वास्थ्य पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम संयोजक डॉ. मोनिका पालीवाल व डॉ. सौरभ पालीवाल रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विवेक शेंड्ये, मुख्य वक्ता डॉ. ममता सिंह, विशिष्ट अतिथि डॉ. सोनल राय व कार्यक्रम श्रीमति सीमा जाट रही। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्जवलन के साथ हुई। कार्यक्रम की संयोजिका डॉ. मोनिका पॉलीवाल ने कहा कि स्वास्थ्य शिविर लगाने का मुख्य उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों तक स्वास्थ्य लाभ पहुंचाना है। महिला परिवार की धूरी होती है, जब वह स्वस्थ रहेगी तभी अपनी परिवार की अच्छे से देखरेख कर पाएगी। हम आगे भी इस तरह के शिविर लगायेंगे और अधिक से अधिक महिलाओं को स्वास्थ्य लाभ प्रदान करायेंगे। कार्यक्रम प्रभारी सीमा जाट ने संचालन करते हुए बताया कि इस कार्यक्रम को तीन समितियों ने संयुक्त रूप से आयोजित किया जिसमें 4 डॉक्टरों ने अपनी सेवाएं प्रदान की जो कि ईश्वरीय कार्य है। डॉ. मोनिका पालीवाल प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ, डॉ. सौरभ पालीवाल बाल एवं शिशु रोग विशेषज्ञ, डॉ. कोमल घावरी एवं डॉ. रितु दंत रोग विशेषज्ञों द्वारा जांच की गई। जांच के दौरान कैल्शियम जांच, ब्लड शुगर, बीपी, थायराइड एवं गर्भवती माताओं की जांच तथा निःशुल्क दवा वितरण की गई। मुख्य अतिथि विवेक शेंड्ये ने कहा कि मातृ शक्ति शिक्षित हैं वह अपनी संस्कृति और परंपराओं को आगे पीढ़ी तक लेकर जाती हैं जिससे व्यक्ति अपनी जड़ों से जुड़ा रहता है। शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास भी यही करता है। यदि जिम्मेदारी से अपने परिवार के उत्थान के लिए जो कार्य किया जाता है वह शिक्षा से ही होती है। मुख्य वक्ता डॉ. ममता सिंह ने कहा कि महिलाओं को साक्षरता के साथ शिक्षित होना चाहिए क्योंकि शिक्षित महिला पूरे समाज का उत्थान कर सकती है। स्वावलंबन के छोटे-छोटे साधन हैं जिससे वह अपना रोजगार तय कर सकती हैं। महिला अपने स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही करती हैं लेकिन उन्हें यह नहीं करना चाहिए क्योंकि यदि वह स्वस्थ नहीं रहेगी तो पूरा परिवार प्रभावित हो जाता है। चना, मूंगफली, गुड़, संतरा आदि चीजों से वह आयरन, विटामिन, प्रोटीन आदि चीजों की प्राप्ति कर सकती है। डॉ. कोमल घावरी ने कहा कि बहिनों को पढ़ाई करना चाहिए और आत्मनिर्भर बनना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किये गये तथा उत्कृष्ट कार्य करने वाली एएनएम, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं आशा कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया। आभार ज्योति चौबे ने माना। कार्यक्रम में कल्पना तिवारी, सुधा तिवारी, हेमलता सोनी, नीमा प्रजापति, गंगा लोधी, किशोर असाटी, विक्रम साहू, पुनीत हजारी, नीलू विश्वकर्मा, विकास, अनुराग जैन, संभव जैन, सुनील सेन, अमित पाण्डेय ने शिविर में सहयोग प्रदान किया।

# संस्कृति मंत्री ने नहीं काटा केक रक्त दान करवाकर मनाया जन्मदिन





**पुष्पांजली टुडे**

दमोह। मध्य प्रदेश शासन में राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार विधानसभा 56 जबेरा से विधायक धर्मेंद्र सिंह लोधी पर्यटन संस्कृति धार्मिक न्यास एवं धर्मस्य विभाग मंत्री ने अपने 46 वे जन्म दिवस के अवसर पर गृह निवास नोहटा में पहुंचकर सर्वप्रथम माता-पिता से आशीर्वाद किया इस दौरान उनकी माता कृष्णा बाई ने तिलक लगाकर मंत्री लोधी को आशीर्वाद दिया इस अवसर पर मंत्री लोधी ने माता-पिता के चरणों में प्रणाम करते हुए आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर उनके गृह निवास पर हजारों क्षेत्र वासियों के साथ जन्मदिन के अवसर पर कार्यक्रम रखा गया जिसमें मंत्री लोधी से क्षेत्रवासियों के द्वारा केक काटने का आग्रह किया जिसको मना करते हुए उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति के अनुसार हम सभी दीप जलाकर मनाएंगे और उन्होंने 46 वें जन्म दिवस के अवसर पर सभी क्षेत्र वासियों के साथ 46 दीप जलाकर भगवान श्री नारायण मंदिर में आशीर्वाद प्राप्त किया।मंत्री लोधी के जन्म दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं के द्वारा रक्तदान किया गया जिसमें 34 यूनिट रक्त दान किया गया रक्तदान के लिए युवाओं में बहुत उत्साह देखा गया।

# सक्ती पुलिस द्वारा यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने की जा रही अभिनव पहल

## जिले में संचालित किया जा रहा 'यातायात मित्र सक्ती पुलिस' की नई पहल

. सक्ती, महानिरीक्षक बिलासपुर रेंज, बिलासपुर श्री संजीव शुक्ला के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक सक्ती सुश्री अंकिता शर्मा द्वारा सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने एवं यातायात नियमों का पालन कराने व यातायात सुचारू रूप से संचालित करने ÷यातायात मित्र सक्ती पुलिस÷ अभिनव पहल की जा रही है। जिला सक्ती में पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा के द्वारा नेशनल हाईवे स्टेट हाईवे ग्राम सड़क में ब्लैक स्पॉट (दुर्घटना जन्य क्षेत्र) चिन्नांकित कर सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने हेतु समस्त थाना चौकी एवं यातायात शाखा को निर्देश देकर यातायात नियमों का पालन करने के लिए एक अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत यातायात मित्र



का गठन सक्ती जिला क्षेत्र में किया जा रहा है। जिसके तहत सड़क किनारे संचालित फर्स्ट रिस्पांडर एवं इनफॉर्मर, जिसमें मोटर मैकेनिक, फल बेचने वाले, सब्जी बेचने वाले, दुकान वाले एवं अन्य को यातायात मित्र बनाकर यातायात मित्र का गठन किया जा रहा है। जिससे सड़क दुर्घटनाओ के संबंध में तत्काल थाना चौकी को सूचना मिल सके एवं घायलों को उचित इलाज हेतु अस्पताल तत्काल भेजा जा सके एवं यातायात सुचारू रूप से जिला में संचालित किया जा सके। समस्त थाना चौकी एवं यातायात शाखा द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में यातायात मित्र का गठन कर दुकानों में यातायात मित्र का पोस्टर लगाया गया, जिसमें कंट्रोल रूम सक्ती का फोन नंबर, थाना प्रभारी/ यातायात शाखा प्रभारी का मोबाइल नंबर एवं अन्य पुलिस स्टाफ का मोबाइल नंबर उल्लखेलित की गई है, जिससे कि किसी भी प्रकार की घटना या दुर्घटना होने पर लगाए गए पोस्ट में दिए गए नंबर के द्वारा कंट्रोल रूम यातायात थाना प्रभारी/ प्रभारी यातायात शाख अन्य पुलिस स्टाफ से संपर्क स्थापित कर जानकारी पुलिस तक पहुंचाने के संबंध में जागरूक किया जा रहा है।

# भूमि विक्रेता के नाम जमाबंदी रहना अनिवार्य,वंशावली निर्माण हेतु मंगल, बुध एवं गुरुवार को लग रहा है हलका में शिविर

भागलपुर, माननीय उच्च न्यायालय द्वारा 9 फरवरी 2024 को पारित आदेश के आलोक में मध्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग,बिहार सरकार द्वारा बिहार रजिस्ट्रीकरण नियमावली 2008 के नियम 19 में उपनियम 16, 17 एवं 18 जोड़ते हुए यह प्रावधान किया गया है कि भूमि विक्रेता/ दानकर्ता के नाम से जमाबंदी कायम होने की स्थिति में ही संबंधित भूमि/ संपत्ति का निबंधन किया जाएगा।

ऐसे में पूर्व में सृजित जमाबंदी में छूटे हुए खाता, खेसरा, रकबा एवं लगान रसीद को अद्यतन करने के लिए, पारिवारिक बंटवारा हेतु वंशावली का निर्माण हेतु सभी अंचल के सभी हलका मुख्यालय में मंगलवार, बुधवार एवं गुरुवार को शिविर का आयोजन किया जा रहा है।इसके साथ ही सभी अंचलाधिकारी को निर्देशित किया गया है कि फरिकैन के स्वघोषित वंशावली के साथ बंटवारानामा आवेदन प्राप्त होने की स्थिति में ऑनलाइन दाखिल खारिज की जाएगी। बंटवारानामा के आधार पर प्राप्त दाखिल खारिज आवेदन को फीफो के प्रावधान से अलग किया गया है।

# ग्वालियर में नवनिर्मित ईपीएफओ क्षेत्रीय कार्यालय भवन का उदघाटन

ग्वालियर । कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के क्षेत्रीय कार्यालय भवन के रूप में ग्वालियर के विकास में एक और नया आयाम जुड़ा है। केन्द्रीय श्रम, रोजगार, पर्यावरण व वन मंत्री भूपेन्द्र यादव, केन्द्रीय नागर विमानन व इस्पात मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और केन्द्रीय श्रम व रोजगार राज्यमंत्री रामेश्वर तेली ने वर्चुअल और ग्वालियर में विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर व सांसद विवेक नारायण शेजवलकर ने फीता काटकर हजीरा थाने के समीप नवनिर्मित ईपीएफओ क्षेत्रीय कार्यालय भवन का उदघाटन किया। उदघाटन समारोह को वर्चुअल संबोधित करते हुए केन्द्रीय मंत्री सिंधिया ने कहा कि कर्मचारियों की मेहनत की बदौलत ही देश को मजबूती व सुदृड़ता मिलती है। इसलिए कर्मचारियों के हितों की रक्षा करना सरकार का नैतिक दायित्व है। उन्होंने कहा सरकार ने देश में नई कार्य पद्धति विकसित की है, जिससे अब सरकार जरूरतमंदों के द्वार पर पहुँचकर योजनाओं का लाभ दे रही है। इसी तरह कर्मचारी भविष्य निधि संगठन भी कर्मचारियों के स्वत्वों का भुगतान कर रहा है। केन्द्रीय मंत्री सिंधिया ने आह्वान किया कि वे 10 अक्टूबर को ग्वालियर में एयर टर्मिनल के उदघाटन समारोह में भी सहभागी बनें।

इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ने



कहा खुशी की बात है कि मुझे कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के इस क्षेत्रीय कार्यालय के शिलान्यास व उदघाटन दोनों कार्यक्रमों में शामिल होने का सौभाग्य मिला। तत्कालीन केन्द्रीय श्रम मंत्री के रूप में क्षेत्रीय सांसद शेजवलकर के साथ इसका शिलान्यास हुआ था। प्रसन्नता का विषय है कि उदघाटन कार्यक्रम में शामिल होने का भी हम दोनों को सौभाग्य मिला है। विधानसभा अध्यक्ष तोमर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक ओर जहाँ भारत को वैश्विक स्तर पर ताकतवर देश के रूप में स्थापित किया है, वहीं कर्मचारियों व श्रमिकों के कल्याण के लिये उन्होंने क्रांतिकारी पहल की है। विधानसभा अध्यक्ष तोमर ने कहा कि पहले एक नौकरी छोड़कर दूसरी नौकरी पर जाने वाले श्रमिकों का पैसा भविष्य निधि में ही जमा रह जाता था। प्रधानमंत्री ने पहल पर सभी गरीब श्रमिकों का एक एक पैसा उनके बैंक खाते में पहुँचाया है। पहले भविष्य निधि संगठन 6500 रूपए तक वेतन की सीमा तक के श्रमिकों को कवर करता था। अब यह सीमा बड़ाकर 15 हजार रूपए कर दी गई है। केन्द्रीय श्रम एवं रोजगार राज्य मंत्री रामेश्वर तेली ने कहा कि कर्मचारी भविष्य निधि संगठन एक लाख कर्मचारियों एवं 30 हजार पेंशनरों की सेवा कर रहा है। उन्होंने कहा कि ग्वालियर में संगठन के क्षेत्रीय कार्यालय भवन के निर्माण से ग्वालियर-चंबल संभाग के सभी आठ जिलों सहित राजगड़ जिले के कर्मचारियों को सहूलियत मिलेगी। सांसद विवेक नारायण शेजवलकर ने कहा कि पं. दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय कार्यक्रम की भावना के अनुरूप कर्मचारी भविष्य निधि संगठन कामगारों के कल्याण में जुटा है। ग्वालियर में कर्मचारी भविष्य निधि संगठन का क्षेत्रीय कार्यालय बनने से इस क्षेत्र के कर्मचारियों को बड़ा लाभ मिलेगा।

कार्यक्रम में ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर भी वर्चुअली शामिल हुए। कार्यक्रम में केन्द्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्रालय की सचिव सुश्री सुमिता डावरा व केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त सुश्री नीलम शमी राव ने ईपीएफओ की गतिविधियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अंत में अपर आयुक्त भविष्य निधि संगठन व्ही रंगनाथ ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के क्षेत्रीय कार्यालय भवन परिसर में विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर एवं सांसद विवेक नारायण शेजवलकर सहित अन्य अतिथियों ने वृक्षारोपण भी किया। हजीरा थाने के समीप लगभग 12 हजार 422 वर्गफुट क्षेत्र में भूतल सहित तीन मंजिल में सर्वसुविधायुक्त यह कार्यालय भवन बनाया गया है।

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मरीजों के लिए पीएमश्री एयर एम्बुलेंस सेवा का शुभारंभ किया



**भोपाल।**मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शनिवार को उज्जैन पुलिस लाइन एयर स्ट्रिप से पीएमश्री एयर एंबुलेंस सेवा का शुभारंभ किया। यह सेवा इमरजेंसी वाले मरीजों को उपचार के लिए अन्य स्थानों पर कम समय में पहुंचाने में मददगार सिद्ध होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि एयर एंबुलेंस सेवा मरीजों की जान बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह करेगी।पीएमश्री एयर एम्बुलेंस सर्विस के लिए वर्तमान में एक 4 सीटर प्लेन तथा एक 3 सीटर हेलीकॉप्टर उपलब्ध कराया गया है। इमरजेंसी सेवा के लिए प्रयुक्त होने वाला हेलीकॉप्टर किसी भी स्थान पर लैंड कर सकता है। हेलीकॉप्टर में एक स्ट्रेचर तथा 1-1 सीट डॉ. एवं पैरामेडिकल स्टाफ के लिए उपलब्ध रहेगी। इसी प्रकार प्लेन में स्ट्रेचर के साथ 4 सीट उपलब्ध रहेगी।

**हेलीकॉप्टर तथा प्लेन में लाइफ सेविंग इक्विपमेंट भी रहेंगे-**एयर एम्बुलेंस सर्विस के लिए इमरजेंसी मरीज के परिजन अपने जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को कॉल करेंगे। मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा राज्य स्तर के नोडल अधिकारी को सूचित किया जाएगा। उसके द्वारा तत्काल एयर एंबुलेंस संबंधित स्थान पर भेजी जाएगी।एयर एम्बुलेंस सर्विस के लिए उपलब्ध प्लेन तथा हेलीकॉप्टर भोपाल एयरपोर्ट पर खड़े रहेंगे। कहीं से भी सूचना मिलने पर भोपाल से संबंधित स्थान के लिए रवाना हो जाएंगे। उज्जैन एयरस्ट्रिप पर विधायक श्री अनिल जैन कालूहेड़ा, श्री सतीश मालवीय, श्री ओम जैन, श्री बहादुर सिंह बोरमुंडला, श्री संजय अग्रवाल, कमिश्नर उज्जैन डॉ. संजय गोयल, कलेक्टर श्री नीरज कुमार सिंह सहित अन्य जन-प्रतिनिधि और एयर एंबुलेंस सेवा से जुड़े डॉ. राहुल सिंह सरदार तथा डॉ. शालिनी नलवाड़ भी उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को अल्प प्रवास पर ग्वालियर आयेंगे

ग्वालियर । मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का बुधवार 6 मार्च को अल्प प्रवास पर ग्वालियर आयेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव आज प्रातः 10 बजे वायुमार्ग से राजमाता विजयाराजे सिंधिया विमानतल महाराजपुरा पहुँचेंगे और यहाँ से भिण्ड व अशोकनगर जिले के दौरे पर जायेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 6 मार्च को ग्वालियर विमानतल से हैलीकॉप्टर द्वारा रवाना होकर प्रात~ लगभग 10.30 बजे भिण्ड पहुँचेंगे और वहाँ पर स्थानीय कार्यक्रम व रोड शो में शामिल होंगे। इसके बाद प्रातरू 11 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मुख्य आतिथ्य में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसी क?ी में सहकारिता सम्मेलन व किसान सम्मेलन में शामिल होंगे और सिंगल क्लिक द्वारा किसान सम्मान निधि व फसल बीमा योजना की धनराशि किसानों के खातों में अंतरित करेंगे।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव भिण्ड में विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेने के बाद हैलीकॉप्टर द्वारा रवाना होकर दोपहर 2.45 बजे अशोकनगर जिले के ग्राम जानोदा पहुँचेंगे और ओलावृष्टि से प्रभावित फसलों का जायजा लेंगे और किसानों से चर्चा करेंगे। इसके बाद अपरान्ह 3.30 बजे चंदेरी हैलीपैड पहुँचेंगे और वहाँ पर जनप्रतिनिधियों से भेंट करेंगे। इसके बाद अपरान्ह लगभग 3.45 बजे प्राणपुर गाँव के शटल चैक पहुँचेंगे और वहाँ पर हैण्डलूम कैफे व एमफी थियेटर का शुभारंभ करेंगे। इस कार्यक्रम के पश्चात मुख्यमंत्री डॉ. यादव मेला मैदान चंदेरी पहुँचेंगे और वहाँ पर जनसभा को संबोधित करेंगे एवं सरकार की विभिन्न योजनाओं के तहत हितलाभ भी वितरित करेंगे। इस कार्यक्रम में भाग लेने के बाद मुख्यमंत्री डॉ. यादव सायंकाल 5 बजे भोपाल के लिये प्रस्थान करेंगे।

# भारत के स्वाभिमान को प्रतिष्ठित करते हुए विक्रमादित्य की न्याय व्यवस्था का जन-जन में व्यापक प्रसार आवश्यक : मुख्यमंत्री डॉ.यादव



**भोपाल ।**मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि भारत के स्वाभिमान को प्रतिष्ठित करते हुए विक्रमादित्य की न्याय व्यवस्था का जन-जन में व्यापक प्रसार आवश्यक है। विक्रमादित्य ने उत्कृष्ट न्याय, प्रशासन और जनकल्याण का जो उदाहरण स्थापित किया है, उसकी चर्चा देश-दुनिया के विभिन्न लोक अंचलों में होती है। उनसे जुड़े हुए लोक साहित्य और पुरातात्विक सामग्री के अध्ययन से शोध की नई दिशाएं उद्घाटित हो रही हैं। विक्रमोत्सव आज संपूर्ण दुनिया में विविधमुखी संकल्पनाओं के कारण अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित करने वाला उत्सव बन गया है। महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ, स्वराज संस्थान संचालनालय, मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित विक्रमोत्सव-2024 अंतर्गत विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन द्वारा विक्रम ÷सम्राट विक्रमादित्य की न्याय व्यवस्था और बेतालभट्ट~ लोकाख्यानों के आलोक÷ पर केंद्रित राष्ट्रीय संगोष्ठी में मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यह बातें कहीं।संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए केंद्रीय कानून एवं न्याय तथा संस्कृति व संसदीय कार्य राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री अर्जुनराम मेघवाल ने कहा कि सम्राट विक्रमादित्य का अवदान राजस्थान के दूरस्थ अंचलों तक रहा है, जिस पर व्यापक शोध होगा। राजस्थान में विक्रमादित्य के शौर्य एवं पराक्रम के महत्वपूर्ण प्रमाण प्राप्त हुए हैं, जिनका अध्ययन भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा किया गया है। बीकानेर जिले के बिकमपुर ग्राम का संबंध विक्रमादित्य से रहा है। आने वाले समय में उज्जैन के साथ उस क्षेत्र की सम्बद्धता की प?ताल के लिए शोध कार्य करवाया जाएगा। सम्राट विक्रमादित्य श्रेष्ठ न्याय व्यवस्था के प्रतीक माने जाते हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के कार्यों से सांस्कृतिक पुनरुत्थान का युग आरंभ हुआ है। वर्तमान में प्रधानमंत्री श्री मोदी की संकल्पना से भारतीय कानून एवं दंड संहिता में महत्वपूर्ण परिवर्तन किए जा रहे हैं।÷लोकाख्यानों के आलोक में विक्रमादित्य÷ पर केंद्रित राष्ट्रीय संगोष्ठी के तकनीकी सत्र की अध्यक्षता विक्रम विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अखिलेश कुमार पांडेय ने की। मुख्य वक्ता वरिष्ठ इतिहासविद पद्मश्री डॉ.भगवतीलाल राजपुरोहित, कार्यपरिषद सदस्य श्री राजेश सिंह कुशवाह, श्री संजय नाहर, कुलानुशासक प्रो. शैलेंद्र कुमार शर्मा आदि ने विषय के विभिन्न पक्षों पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने विभिन्न लोकांचलों की अनुश्रुतियों और आख्यानों में उपलब्ध विक्रमादित्य के सन्दर्भों और पुरा सामग्री पर प्रकाश डालते हुए कहा कि विक्रमादित्य और जनमानस का गहरा संबंध है, जिस पर व्यापक शोध की जरूरत है। अतिथियों द्वारा महाराजा विक्रमादित्यकालीन पुरातात्विक प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया। प्रारंभ में अतिथियों द्वारा वाग्देवी की प्रतिमा और सम्राट विक्रमादित्य के चित्र के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित की गई। अतिथियों का स्वागत विश्वविद्यालय शिक्षक संघ के अध्यक्ष डॉ. कानिया मेरा, कर्मचारी संघ के अध्यक्ष श्री संजय गोस्वामी, श्री राजेश ठाकुर, युवा नेता श्री आदर्श चौधरी आदि ने किया। कार्यक्रम में सम्राट विक्रमादित्य की न्यायप्रियता पर केंद्रित लघु नाट्य प्रस्तुति विक्रम विश्वविद्यालय की विधि अध्ययनशाला के विद्यार्थियों द्वारा की गई।संगोष्ठी का बीज व्याख्यान समन्वयक कुलानुशासक प्रो. शैलेंद्र कुमार शर्मा ने दिया। तकनीकी सत्र का संचालन ललित कला अध्ययनशाला के विभागाध्यक्ष प्रो. जगदीश चंद्र शर्मा ने किया। विक्रमादित्य शोध पीठ के निदेशक श्रीराम तिवारी एवं कुलसचिव डॉ अनिल कुमार शर्मा ने आभार माना। कार्यक्रम में ब?ी संख्या में प्रबुद्धजनों, गणमान्य नागरिकों, शिक्षकों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों ने भाग लिया।

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने धार में राज्य स्तरीय कार्यक्रम में विभिन्न 12 सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं में 56.75 लाख हितग्राहियों को 340.05 करोड़ की राशि सिंगल क्लिक से अंतरित की

**भोपाल ।**मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज धार में विकास पर्व के अंतर्गत राज्य स्तरीय कार्यक्रम में केन्द्र तथा राज्य शासन स्तर की 12 सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं अंतर्गत 56.75 लाख हितग्राहियों को 340.05 करोड रुपए की राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से अंतरित की। उन्होंने करोडों की लागत से निर्मित होने वाले विकास कार्यो का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि धार और उज्जैन का संबंध सदियों पुराना है। आदिवासी समाज सदा से पुरुषार्थी रहा हैं, उसने देश की आन बान शान के लिए अपना सर्वस्व न्योछावार किया हैं। उन्होंने कहा यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने भारत को दुनियाभर में अलग पहचान दिलाई हैं। उन्होंने कहा केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन से विकास नजर आता हैं। प्रदेश में सायबर तहसील की सौगात प्रदेश वासियों को नामान्तरण संबंधित परेशानियों से मुक्त करने वाला कदम हैं।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पीएम एक्सीलेंस कॉलेज धार में खोलने की घोषणा की। उन्होंने धार में आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज खोलने, नर्मदा जल धार जिले में लाने के लिए मांडव उदवहन योजना की घोषणा की। उन्होंन कहा प्रधानमंत्री मेगा इंडस्ट्रीयल पार्क से धार जिले के करीब एक लाख युवाओं को रोजगार मिलेगा। डॉ. यादव ने कहा कि आज जिन विकास कार्यो का भूमिपूजन किया गया उनसे जिले में विकास को विशेष दिशा मिलेगी, नर्मदा जल के आने से धार जिले में पेयजल और सिंचाई के साधनों से जिले का विकास होगा। धार जिले में 20 औद्योगिक इकाइयों की स्थापना के लिए एमओयू हुआ है जो क्षेत्र के युवाओं को रोजगार का अवसर प्रदान करेगा।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने केन्द्र तथा राज्य शासन स्तर से बैगा, भारिया एवं सहरिया जनजाति समुदाय के 2,02,888 हितग्राहियों को आहार अनुदान राशि 30.43 करो? रूपये अंतरण किए। भारत सरकार




द्वारा वित्तपोषित प्रधानमंत्री आदि आदर्श ग्राम योजनांतर्गत धार जिले में 1634 कार्यों का भूमिपूजन किया गया। इन कार्यों की कुल लागत राशि रू. 136.35 करोड़है।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने धार जिला स्तर पर विभिन्न विकास कार्यों में जिसमें 31 कार्यों का भूमिपूजन राशि 309.58 करोड रूपये एवं 14 कार्यों का लोकार्पण राशि 11.28 करो? रूपये है। इस प्रकार 320.86 करोड रूपये के कुल 45 कार्यों का भूमि-पूजन एवं लोकार्पण किया गया।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने धार में राज्य एवं जिला स्तर के विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत विकास कार्यों के भूमिपूजन, लोकार्पण तथा विभिन्न सामाजिक जन कल्याणकारी योजनाओं में राशि 370.48 करोड़ रूपये का अंतरण तथा 457.21 करोड रूपये के विभिन्न कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने श्री अन्न (मिलेट) मेला, प्रदर्शनी एवं स्वय सहायता समूह की महिलाओं द्वारा उत्पादित उत्पादों की प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया।कार्यक्रम में जनजातीय कार्य मंत्री श्री कुंवर विजय शाह, वन, पर्यावरण एवं अनुसूचित जाति विकास मंत्री श्री नागरसिंह चौहान, पूर्व केंद्रीय मंत्री श्री विक्रम वर्मा, सांसद श्री छतर सिंह दरबार, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री सरदार सिंह मेडा, विधायक श्रीमती नीना वर्मा, विधायक श्री कालू सिंह ठाकुर, श्री मनोज सोमानी, श्री जयदीप पटेल, पूर्व मंत्री श्रीमती रंजना बघेल, श्री वेलसिंह भूरिया, श्री शिवराम कन्नौज, श्रीमती सावित्री ठाकुर सहित जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक और हितग्राही आदि उपस्थित थे।

# मातृभाषा के प्रति गौरव भाव जागृत करें : राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल

**भोपाल ।**राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा है कि समाज मातृभाषा के प्रति गौरव भाव का जागरण करे। भाषा की विविधता भारतीय समाज की अनूठी विरासत है। राज्यपाल श्री पटेल शनिवार को माधवराव सप्रे स्मृति समाचार पत्र संग्रहालय एवं शोध संस्थान में आयोजित भारतीय भाषा महोत्सव के शुभारम्भ सत्र को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में तुलसी मानस प्रतिष्ठान के कार्याध्यक्ष श्री रघुनंदन शर्मा का समाज सेवी कार्यों के लिए सार्वजनिक सम्मान किया गया। इस अवसर पर राष्ट्र भाषा प्रचार समिति के अध्यक्ष श्री सुखदेव प्रसाद दुबे मंचासीन थे।राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि सोशल मीडिया में बातचीत और सूचनाओं के आदान-प्रदान की सुविधा का हमारी भाषाओं पर गहरा प्रभाव प? रहा है। भाषाओं के अपभ्रंश स्वरूप का जिस तेजी से उपयोग किया जा रहा है, यह चिंतनीय है। उन्होंने कहा कि भाषा की विविधता की विरासत को मजबूत बनाने और विभिन्न भाषा-भाषी व्यक्तियों को एकता के सूत्र में पिरोनें में हिन्दी की सम्भावनाएं बहुत अधिक है। जरूरी है कि भाषागत आग्रह में उग्रता से बचा जायें। उन्होंने आशा व्यक्त की कि यह महोत्सव हिन्दी को समृद्ध बनाने के प्रयासों को मजबूती देगा। उन्होंने संस्थान के संस्थापक श्री विजय दत्त श्रीधर के प्रयासों और समर्पण की सराहना की। उनके परिवार की तीन पीड़ियों के संस्थान सेवा में संलग्न होने को अत्यंत सराहनीय योगदान बताया।पद्मश्री श्री विष्णु पंड्या ने कहा कि भारतीय भाषा महोत्सव विविध भारतीय संज्ञा को एकत्रित कर हिन्दी की प्रतिष्ठा का आयोजन है। उन्होंने अपनी पुस्तक के केन्द्रीय विषय पंडित श्यामजी कृष्णवर्मा को भारत के सशस्त्र स्वातंर्त्य धारा का नेतृत्व बताया, जिन्होंने पूरी दुनिया में भारत के स्वातंर्त्य जागरण में अपना जीवन समर्पित कर दिया। उन्होंने बताया कि वर्ष 1930 में जिनेवा में पंडित कृष्णवर्मा के देहावसान के बाद भी उनकी अस्थियां सुरक्षित रखी गई, क्योंकि उनकी इच्छा थी कि उनकी अस्थियों को स्वतंत्र भारत में ही विसर्जित की जाए। उन्होंने बताया कि आजादी के कई दशकों बाद गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में श्री नरेन्द्र मोदी उनकी अस्थियों को भारत लाए और कच्छ में उनकी जन्मभूमि में स्मारक का निर्माण कराया।हिंदी सेवी, संपादक, सहित्यकार श्री कैलाशचंद्र पंत ने कहा कि भारतीय भाषाओं में रचित साहित्य में भारतीय लोकजीवन की जो झलक दिखाई देती है, वह भारतीय संस्कृति के एकात्म भाव को बताता है। उन्होंने आशा जताई कि यह महोत्सव भारतीय भाषाओं की समृद्धता को और समृद्ध करेगा। आयोजन विश्वविद्यालय को भारतीय ज्ञान परंपरा को सहेजने के लिये आगे आने के लिए प्रेरित करेगा।संग्रहालय के संस्थापक संयोजक श्री विजयदत्त श्रीधर ने रूपरेखा पर प्रकाश डाला। बताया कि राष्ट्रीय एकता और भावनात्मक अखंडता में भाषा की भूमिका पर विचार के लिए भाषा महोत्सव का आयोजन किया गया है। उन्होंने लोकार्पित पुस्तकों के बारे में जानकारी दी और अतिथियों का आभार जताया।म में क्रांति की खोज में पंडित श्यामजी कष्णवर्मा लेखक श्री विष्णु पण्ड्या एवं सुश्री आरती पाण्ड्या, कैलाशचन्द्र पंत~ हिन्दी जीवनव्रती, संपादक डॉ. मंगला अनुज, और पत्रिका अक्षरा के भारतीय भाषा विशेषांक प्रबंध संपादक डॉ. संजय सक्सेना, अयोध्या 22 जनवरी लेखक संजीव शर्मा, लाजवाब शख्सियतें ~ कुछ लाइक्स,लेखक अजय बोकिल का लोकार्पण किया। इस अवसर पर राज्यपाल श्री पटेल को प्रमाणिक वृहद बुन्देली शब्दकोष, हमारा बुन्देलखंड, बुन्देलखण्ड विश्वकोश पुस्तकें भेंट की गई।

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478